रोहतक
गुरुवार, 21 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 201
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.2
न्यून. 20.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,857.34 | 213.45 ▲ |
| निफ्टी | 25,050.55 | 69.90 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,00,020/- | 400/- ▼ |
| चांदी | 1,12,500/- | 1500/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.07 | 6 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 66.54 बैरल | | 1.14% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## अंदर के पन्नों पर

- गंगा की तर्ज पर यमुना को स्वच्छ बनाएगी सरकार पेज-2
- निजी स्कूल ने थमा दिए दसवीं के बोगस सर्टिफिकेट पेज-3
- 18000 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ एवं शिलान्यास करेंगे पीएम मोदी पेज-5

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ : 29 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के दो अलग-अलग जिलों में 55.50 लाख के इनामी 21 नक्सलियों समेत 29 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा जिले में 25,50,00 रुपये के इनामी 13 नक्सलियों समेत 21 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने सरेंडर कर दिया। एजेंसी

### ग्रेटर नोएडा में कुत्तों के लिए बनेंगे 3 आश्रय स्थल

**ग्रेटर नोएडा (उप्र)।** उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आवारा कुत्तों को स्थानांतरित करने के लिए तीन आश्रय स्थल बनाने के लिए स्थान चिह्नित कर लिये हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पौवारी, जलपुरा और चूहरपुर में इन आश्रय स्थलों की स्थापना की जाएगी और अगले महीने तक इनके संचालन के लिए एजेंसी का भी चयन कर लिया जाएगा। भाषा

### दुर्लभ बीमारियों के लिए 4 नई दवाएं जल्द आएंगी

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी के पॉल ने कहा कि दुर्लभ बीमारियों के लिए चार नई दवाएं जल्द ही बाजार में आने की उम्मीद है, जबकि सात बीमारियों के लिए पांच दवाएं पहले ही बाजार में आ चुकी हैं। इन दवाओं से मरीजों की परेशानी कम हो रही है। उन्होंने दुर्लभ बीमारियों पर उद्योग मंडल फिक्की और नीति आयोग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सम्मेलन यह जानकारी दी। भाषा

### अफगानिस्तान में ईरान से लौट रहे 79 लोगों की मौत

**काबुल।** उत्तर-पश्चिमी अफगानिस्तान में ईरान से लौट रहे 79 लोगों की बस दुर्घटना में मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों में 19 बच्चे भी शामिल हैं। पिछले कुछ महीनों में लगभग 18 लाख अफगानिस्तानी नागरिकों को ईरान से जबरन वापस भेजा गया है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि दुर्घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं। एजेंसी



### अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण किया


**बालासोर।** भारत ने सामरिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से 'अग्नि-5' का परीक्षण किया गया। यह मिसाइल अधिकतम 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर जा सकती है और करीब 5,000 किलोमीटर तक मार कर सकती है। पिछले साल भारत ने मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल क्षमता वाली अग्नि5 मिसाइल का परीक्षण किया था।

---

**भिवानी शिक्षिका मौत मामला, दादा बोले-हमारी दोनों मांगे पूरी हुईं, अब न्याय की उम्मीद जगी**

# दिल्ली एम्स में तीसरी बार हुआ मनीषा का पोस्टमार्टम, प्रदेश सरकार सीबीआई को सौंपेगी जांच, ग्रामीणों का धरना खत्म, अंतिम संस्कार आज

**लोहारू/भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** भिवानी की शिक्षिका मनीषा की मौत के मामले में बुधवार को भी दिनभर तनाव बना रहा। पुलिस प्रशासन हाईअलर्ट पर रहा। मामले में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक्स पर कहा कि परिवार की मांग पर जांच सीबीआई को को सौंपी जाएगी और मनीषा का



एम्स में तीसरी बार पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। इस मामले में पीड़ित परिवार को पूरा न्याय मिलेगा। इसके बाद परिजन मनीषा के अंतिम संस्कार को राजी हो गए। ग्रामीणों ने धरना खत्म कर दिया। मनीषा के दादा राम किशन ने कहा कि हमारी दोनों मांगें पूरी हो गई हैं। अब हम बेटी का अंतिम संस्कार करना चाहते हैं। इसके बाद किसान नेता सुरेश कोथ ने कहा कि गुरुवार को सुबह 8 बजे मनीषा का अंतिम संस्कार किया जाएगा। उधर, तीसरी बार मनीषा का दिल्ली एम्स में पोस्टमॉर्टम हुआ। करीब 2 घंटे तक पोस्टमॉर्टम चला। दोपहर को मनीषा की डेडबॉडी भिवानी से दिल्ली ले जाई गई थी। इस दौरान मनीषा के परिवार के 3 लोगों को भी पुलिस एस्कॉर्ट करके दिल्ली ले गई। शाम को मनीषा का शव भिवानी के सिविल अस्पताल लाया गया। सुबह शव गांव लाया जाएगा और अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**सीएम ने कहा, परिवार की मांग पर जांच सीबीआई को सौंपी जा रही**

दिनभर पुलिस हाईअलर्ट पर रही इंटरनेट बंद रहे गांव में तनाव पसरा रहा

**दंगा रोकू वाहन आरएफ और तीन जिलों की पुलिस तैनात रही**

धरना खत्म करके लोग अपने अपने घरों को रवाना, टैंट हटाए



**मनीषा के दादा बोले**

मृतका के दादा राम किशन व पिता ने धरनास्थल पर आकर कहा कि पंचायत ने जो मांग रखी थी, सीबीआई जांच व परिजनों के सामने एम्स में रि-पोस्टमार्टम दोनों बातें सरकार ने मान ली हैं। शव के सैंपल ले लिए हैं। हम संतुष्ट हैं। मैं भाईचारा से अपील करता हूं कि काफी दिन से परेशान हैं और हमारी बेटी का अंतिम संस्कार करने की भाईचारा अनुमति दे। अगर वे अनुमति देते है हम अंतिम संस्कार कर देंगे। भाईचारे ने उनकी बात समर्थन किया ओर धरना खत्म करने का ऐलान कर दिया। सुबह आठ बजे बेटी का अंतिम संस्कार का फैसला लिया गया है। यह जानकारी चंढूनी ग्रुप के नेता राकेश आर्य ने दी।

**प्रशासन रास्ते खाली करवाने में जुटा**

मास्टर नरेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने धरना खत्म कर दिया है। जो लोग बाहर से आए हुए थे। वे सब वापस जाने लगे हैं। धरनास्थल पर जो टैंट लगवाया गया था। वह हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। जो रास्ते अवरूद्ध थे उनको प्रशासन द्वारा हटवाया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सड़कों को खुलवाना शुरू कर दिया। प्रशासन ने राहत की सांस ली। चूंकि पिछले तीन दिनों से पूरा प्रशासन ढिगावा मंडी व आसपास के इलाके में तैनात था।

**11 अगस्त को लापता हुई थी मनीषा**

मनीषा 11 अगस्त को घर से स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए गई थी। उसके बाद वह वापस नहीं आई। शाम को परिजनों ने उसे ढूढ़ने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसी दिन पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। अगले दिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू की। 13 को सुबह नहर किनारे खेतों में मनीषा का शव मिला था।

**हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन भिवानी पहुंचीं**

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ढिगावा गेस्ट हाउस पहुंचीं। उन्होंने फोन पर परिवार से बात की। इसके साथ गांव के सरपंच और कमेटी से भी बात की। चेयरपर्सन ने कहा कि परिवार उनसे गेस्ट हाउस में मिल सकता है। इसके बाद शाम को जींद के जुलाना से विधायक विनेश फोगाट भी धरने में पहुंचीं।

---

## लोकसभा में 3 बिल पेश, विपक्ष का चर्चा से इनकार, जेपीसी को भेजे विधेयक

# विपक्ष ने बिल की कॉपी फाड़ी शाह पर कागज के गोले फेंके

**गिरफ्तारी या 30 दिन हिरासत पर पीएम-सीएम को इस्तीफा देना होगा, 5 वर्ष से अधिक सजा वाले अपराध में लागू होगा**

### गृहमंत्री की सुरक्षा के लिए सदन में मार्शल बुलाए

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तीन अहम बिल पेश किए। इन बिलों को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया और उसकी कॉपी फाड़कर कागज गृह मंत्री पर उछाल दिए। कुछ विपक्षी सांसदों ने कागज के गोले बनाकर भी उन पर फेंके। शाह की सुरक्षा के लिए सदन में मार्शल बुलाने पड़े। इसके बाद सदन ने तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेज दिए। इन विधेयकों में प्रावधान है- पीएम, सीएम या कोई भी मंत्री किसी ऐसे क्राइम में अरेस्ट या 30 दिन तक हिरासत में रहते हैं, जिसमें पांच साल तक सजा का प्रावधान हो, उसे पद से हटा दिया जाएगा। इन विधेयकों को पेश किए जाने और अन्य मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच सदन की बैठक स्थगित करनी पड़ी।

(पैकेज पेज 5 पर)

**ये बिल पेश किए**

**पहला**

संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 है। यह केंद्र और राज्य सरकारों पर लागू होगा।

**दूसरा**

संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 है। यह केंद्र शासित राज्यों के लिए है।

**तीसरा बिल**

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 है। इसे जम्मू-कश्मीर पर लागू किया जाएगा।



जेपीसी में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य होंगे और यह अपनी रिपोर्ट अगले संसद सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन तक पेश करेगी। विपक्ष के सदस्यों ने इस बिल का जोरदार विरोध किया।

**मध्यकाल की ओर वापसी : राहुल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हम मध्यकाल की ओर लौट रहे हैं, जब राजा अपनी मर्जी से किसी को भी हटा सकता था। अगर राजा को किसी का चेहरा पसंद नहीं आया तो ईडी से गिरफ्तार कराकर लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए नेता को 30 दिन में बाहर कर दिया जाएगा।
बता दें कि डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार सुप्रीम कोर्ट के जुलाई 2013 के एक फैसले को निष्क्रिय करने के लिए एक अध्यादेश लाया गया था, जिसे राहुल गांधी ने फाड़ दिया था।

---

**ऑनलाइन गेमिंग विधेयक लोकसभा में पास, कसेगा शिकंजा**

## अब पैसे लेकर गेम खिलाने या विज्ञापन करने पर होगी जेल

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा ने ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने एवं शैक्षणिक और सामाजिक ऑनलाइन खेलों को बढ़ावा देने वाले बिल 'ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025' को पारित कर दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 'ऑनलाइन मनी गेम' आज समाज में बड़ी चिंता का विषय बन गया है। यह लोगों की जिंदगीभर की बचत को खत्म कर रहा है। 'फ्रॉड व चीटिंग एल्गोरिद्म ऐसे होते हैं कि पता ही नहीं चलता कि कौन किसके साथ खेल रहा है। वित्तीय नुकसान होते हैं। कई परिवार बर्बाद हो गए। सदन ने विपक्ष के हंगामे के बीच इस विधेयक को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया। वैष्णव ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 31 महीनों में 32 आत्महत्याएं इस तरह के मामलों में हुई हैं।

**बिल में ये प्रावधान**

- सभी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ संबंधी गतिविधियां रोकेगा। इनमें पोकर, रमी जैसे गेम भी।
- ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर 3 वर्ष तक कैद एक करोड़ तक जुर्माना।
- मनी गेम का विज्ञापन करने पर दो साल तक कैद व/या 50 लाख तक जुर्माना।
- वित्तीय लेनदेन बढ़ावा देने पर 3 साल तक कैद व 1 करोड़ तक जुर्माना।
- बार-बार अपराध करने पर 3 से 5 साल तक कैद व 2 करोड़ तक के जुर्माना।
- सरकार का अनुमान है कि ऑनलाइन 'रियल मनी' गेमिंग में हर साल 45 करोड़ लोग करीब 20,000 करोड़ गंवा बैठते हैं।

**इसे मिलेगा बढ़ावा**

- विधेयक में ई-स्पोर्ट्स, शैक्षणिक खेल और सामाजिक खेल सहित ऑनलाइन खेल क्षेत्र को बढ़ावा देने, उसे विनियमित करने और इसके विकास तथा विनियमन के लिए एक प्राधिकरण की स्थापना का भी प्रावधान है।
- कम्प्यूटर, मोबाइल उपकरण या इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन 'मनी गेम' के प्रस्ताव, संचालन, सरलीकरण, विज्ञापन, प्रचार व भागीदारी को निषिद्ध किया है।

*भारत में ऑनलाइन गेमिंग मार्केट अभी 32,000 करोड़ का है। इसमें से 86% रेवेन्यू रियल मनी फॉर्मेट से आता है।*

---

## हरियाणा पुलिस में अग्निवीरों को 20% कोटा, फिजिकल टेस्ट में भी दी जाएगी छूट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने राज्य के निवासी पूर्व-अग्निवीरों को सीधी भर्ती में क्षैतिज (हॉरिजॉन्टल) आरक्षण का लाभ देने का ऐलान किया है। सरकार ने एक नीति बनाकर राज्य की विभिन्न सेवाओं में पूर्व-अग्निवीरों के लिए आरक्षण की व्यवस्था बनाई है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस सम्बन्ध में एक पत्र जारी किया है। इसके अनुसार, कौशल-विशेषज्ञता से संबंधित ग्रुप-बी के पदों में अग्निवीरों को 1 % और ग्रुप-सी के पदों (कुछ निर्दिष्ट श्रेणियों को छोड़कर) पर 5% क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा। गृह विभाग में पुलिस कांस्टेबल के पदों के लिए 20% आरक्षण दिया जाएगा। पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग में फॉरेस्ट गार्ड, जेल विभाग में वार्डर तथा खान एवं भूविज्ञान विभाग में माइनिंग गार्ड के पदों के लिए 10% प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा फिजिकल टेस्ट में भी छूट दी जाएगी।

आरक्षण के लिए अधिसूचना जारी
**ग्रुप बी में 1%, सी में 5% और वन विभाग में 10% होरिजेंटल आरक्षण**

**मैरिट के आधार पर चयन**

सभी सामाजिक वर्गों में न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण निश्चित रोस्टर बिंदुओं पर लागू होगा। चयन मैरिट के आधार पर होगा व पूर्व-अग्निवीरों का चयन उनकी संबंधित वर्टीकल श्रेणी में आरक्षित पदों के विरुद्ध किया जाएगा। उपयुक्त पूर्व-अग्निवीर नहीं है तो रिक्त पद को संबंधित श्रेणी के पात्र उम्मीदवारों से भरा जाएगा।

**ये लाभ भी मिलेंगे**

- पुलिस कांस्टेबल, फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डर और माइनिंग गार्ड के पदों पर भर्ती के दौरान पूर्व-अग्निवीरों को शारीरिक जांच परीक्षा से छूट दी जाएगी, क्योंकि उनकी शारीरिक क्षमता और सैन्य प्रशिक्षण पहले से प्रमाणित है।
- पूर्व-अग्निवीरों को पहले से ही ग्रुप-सी पदों की भर्ती के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) से छूट दी गई है।

---

**केएमपी पर भीषण हादसा**

## बहादुरगढ़ में कैंटर-पिकअप भिड़े, 4 की मौत, 28 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

केएमपी एक्सप्रेस-वे पर गांव जसोरखेड़ी के पास मंगलवार देर रात मजदूरों से भरी पिकअप गाड़ी को पीछे से कैंटर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पिकअप में सवार मजदूरों सहित 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 28 लोग घायल हो गए। आसौदा थाना पुलिस ने पिकअप चालक की शिकायत पर कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि हादसा रात करीब दो बजे हुआ। हादसे का शिकार हुए लोग सीतापुर के अमर नगर व आसपास गांव के रहने वाले थे। ये खेती मजदूरी के लिए महेंद्रगढ़ के गुढाह गांव जा रहे थे। इनमें कुछ महिलाएं व उनके बच्चे भी शामिल हैं।

हादसा रात करीब दो बजे हुआ, खेती मजदूरी के लिए महेंद्रगढ़ के गुढाह गांव जा रहे थे



**पिकअप में 30 लोग सवार थे**

महेंद्रगढ़ के गुढाह गांव का गाड़ी मालिक विनोद व उसका चालक रोहताश मजदूर लेने के लिए 18 अगस्त को सीतापुर जिले में गए थे। वहां से लगभग 30 लोगों को पिकअप गाड़ी में बैठाकर 19 अगस्त को अपने गांव की ओर चल दिए। बीती रात करीब दो बजे जसोरखेड़ी के नजदीक जम्मू कटरा एक्सप्रेस वे चौक के निकट पहुंचे तो रास्ता पूछने के लिए चालक ने सड़क किनारे गाड़ी रोक दी। तभी एक अन्य ट्रक चालक उतरकर उनके पास रास्ता पूछने आया। इसी दौरान पीछे से तीव्र गति में आए कैंटर ने उनके पिकअप को टक्कर मार दी।

**बच्चों को भी गंभीर चोट**

चालक रोहताश व गाड़ी मालिक विनोद, मजदूर सुमन, राजेश, रामकिशोर, महेश, उर्मिला, देशराज, गंगाजल, राधे, मनोज, अंजलि, फुरकली सहित 32 लोग चपेट में आए। जिनमें से पिकअप में सवार मजदूर विजय निवासी अमनगढ़, कलावती व उसका बेटा अनूप निवासी बसइया की मौत हो गई। वहीं रास्ता पूछने आया दूसरा ट्रक चालक सचिन निवासी हरदोई भी हादसे का शिकार हो गया। चारों के शवों को अस्पताल ले जाया गया। आठ घायल यहां नागरिक अस्पताल में भर्ती हुए और बाकी सभी पीजीआई रोहतक रेफर किए गए। कुछ बच्चों को गंभीर चोट है।

---

**आरोपित काबू हत्या के प्रयास का केस दर्ज**

## जन सुनवाई के दौरान दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हमला

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को सुबह सिविल लाइंस स्थित उनके कार्यालय पर आयोजित 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। मुख्यमंत्री के कार्यालय (सीएमओ) ने हमले को 'मुख्यमंत्री की हत्या की सुनियोजित साजिश' का हिस्सा बताया। पुलिस ने राजकोट (गुजरात) निवासी 41 वर्षीय आरोपित सकरिया राजेशभाई खिमजीभाई को हिरासत में लिया है। उससे खुफिया ब्यूरो (आईबी) और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम पूछताछ कर रही है। हमला सुबह करीब आठ बजकर 15 मिनट पर हुआ। पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के हाथ, कंधे और सिर में चोटें आई हैं। जांच से जुड़े एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह एक गंभीर हमला था और जानलेवा भी हो सकता था।



सीएमओ ने इसे हत्या की सुनियोजित साजिश बताया

---

## उपराष्ट्रपति चुनाव : राजग प्रत्याशी राधाकृष्णन ने भरा नामांकन

**नई दिल्ली (भाषा)।** उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को पीएम नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



---

## पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय को बुधवार को एक ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसमें परिसर में बम रखे होने की धमकी दी गई थी। ईमेल मिलने के बाद, अदालत प्रशासन ने तुरंत चंडीगढ़ पुलिस को सूचित किया जिसने परिसर में तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान परिसर में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गयी। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय को धमकी भरा ई-मेल मिलने की सूचना प्राप्त होने के बाद पुलिस ने बम निरोधक दस्ता, तोड़फोड़ निरोधक दल और श्वान दस्ते को तैनात किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

**जानकारी** केंद्रीय राज्यमंत्री जितेंद्र संसद में बोले, कुछ शर्तें भी पूरी करनी होंगी

# दिवंगत सरकारी कर्मियों की अविवाहित, विधवा या तलाकशुदा बेटी भी अब पेंशन की हकदार

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद में कहा कि दिवंगत सरकारी कर्मचारियों की अविवाहित, विधवा या तलाकशुदा बेटियां भी पारिवारिक पेंशन की हकदार हैं, बशर्ते वे कुछ निर्धारित शर्तों को पूरा करती हों। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) द्वारा अधिसूचित केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 और उसके बाद जारी 26 अक्टूबर 2022 के कार्यालय ज्ञापन में विभिन्न प्रावधान शामिल किए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिवंगत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की तलाकशुदा/विधवा बेटी को उपयुक्त समय पर पारिवारिक पेंशन मिल सके।

**जब तक शादी या पुनर्विवाह नहीं होता, पेंशन दी जाएगी**

### रेलवे, रक्षाकर्मी व पेंशनभोगियों के लिए प्रावधान



मंत्री ने बताया कि रेलवे, रक्षा कर्मियों और पेंशनभोगियों के लिए अलग-अलग नियमों के तहत यही प्रावधान किए गए हैं। इन नियमों के अनुसार, यदि किसी दिवंगत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की पत्नी/पति या बेटा पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र नहीं हैं या यदि उनकी मृत्यु हो चुकी है तो ऐसी स्थिति में पारिवारिक पेंशन अविवाहित या विधवा या तलाकशुदा बेटी को दी जाएगी या देय होगी। उन्होंने ऐसी पेंशन के लिए अन्य शर्तों का भी उल्लेख किया।

**यह भी बोले मंत्री**

मंत्री ने उल्लेख किया कि पेंशन उस वक्त तक जारी रहेगी, जब तक कि उसकी शादी नहीं हो जाती या उसका पुनर्विवाह नहीं हो जाता या वह अपनी आजीविका अर्जित करना शुरू नहीं कर देती। उन्होंने बताया कि अविवाहित या विधवा या तलाकशुदा बेटी के अपने माता-पिता के जीवित रहने के दौरान उन पर निर्भर रहने की स्थिति में यह नियम लागू होगा।

**खबर संक्षेप**



### लोकल ऑपरेटर को वेतन नहीं, मुद्दा विस में उठाएंगे

**चंडीगढ़।** एलसीएलओ-सीपीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा (सीटू) के शिष्टमंडल ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से मुलाकात की। शिष्टमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा और बताया कि करीब सात हजार क्रीड पंचायत लोकल ऑपरेटर (सीपीएलओ) को पिछले करीब एक साल से सीपीएलओ पद के लिए चयनित, जिनका पदनाम बदलकर एलसीएलओ बनाया, को ना त कोई मानदेय/वेतन मिल रहा है और न ही कोई काम दिया जा रहा है। हुड्डा ने कहा कि विधानसभा सत्र में कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेक सरकार से जवाब मांगेगी।

## नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में हुई बैठक, सीएम बोले

# अब गंगा की तर्ज पर यमुना को स्वच्छ बनाएगी हरियाणा सरकार, दिल्ली के साथ बनेगी कमेटी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री, नायब सिंह सैनी ने कहा कि मां गंगा की तर्ज पर यमुना नदी को भी स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए सीडब्ल्यूसी, हरियाणा सरकार और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की एक संयुक्त समिति गठित की जाएगी। यह समिति यमुना नदी की सफाई के साथ-साथ अन्य समस्याओं के समाधान पर भी कार्य करेगी। मुख्यमंत्री नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन रिलेटेड टू यमुना वाटर रेजुविनेशन को लेकर आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।




### गंदा पानी एसटीपी से ही नदी में जा रहा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बनने के बाद से योजनाओं को तीव्र गति से तैयार किया जा रहा है और उन्हें धरातल पर उतारने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि यमुना नदी की स्वच्छता के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। नदी में गिरने वाले गंदे पानी के नालों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के माध्यम से स्वच्छ करके नदी में प्रवाहित करने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा रही है। बैठक में केन्द्रीय शहरी आवास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित थे।

### 16 हजार मीट्रिक टन कचरा निकाला

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि यमुना नदी की सफाई के अभियान के तहत अब तक 16 हजार मीट्रिक टन कचरा निकाला जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प अनुसार निर्धारित लक्ष्य के तहत यमुना को स्वच्छ एवं निर्मल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यमुना की स्वच्छता दोनों सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता है और शीघ्र ही जनता यमुना नदी का स्वच्छ रूप देख सकेगी। करनाल जिले के पल्ला गांव से यमुना नदी में गिरने वाली ड्रेन का बीओडी स्तर 80 है। इस पानी को और अधिक स्वच्छ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### एसटीपी बना रहे, विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएंगी

मुख्यमंत्री सैनी ने बताया कि फरीदाबाद के ओखला में यमुना नदी के पानी के बीओडी स्तर में सुधार हुआ है। इसकी गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए 44 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे प्रतिदिन लगभग 620 एमएलडी पानी शुद्ध किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 510 एमएलडी पानी को स्वच्छ बनाने के लिए 9 और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जा रहे हैं। नजफगढ़ झील व ड्रेन की भी मॉनिटरिंग करने के लिए दिल्ली व हरियाणा के प्रतिनिधियों व विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएंगी तथा हरियाणा के उद्योगों से निकलने वाले दूषित पानी के बीओडी लेवल की भी जांच की जाएगी।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/717

हमकि (1) हरिन्द्र कुमार पुत्र रामकुमार पुत्र रघबीर उर्फ रघवीर, निवासी गांव काजीपुर, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110073 व (2) हरिश कुमार यादव पुत्र रामकुमार पुत्र रघबीर उर्फ रघवीर, निवासी मकान न0 ए–18, स्टाफ क्वार्टर्स सैंट स्टेफएस कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली, नोर्थ कैंपस उत्तरी दिल्ली, दिल्ली–110007 व (3) सुदेश पुत्री रामकुमार पुत्र रघबीर उर्फ रघवीर, हाल आबाद सुदेश कुमारी पत्नी मुकेश कुमार, निवासी मकान न0 33, बी.एम. प्लाजा, मार्किट चकरपुर, गुरूग्राम, हरियाणा–122002 व (4) मन्जू पुत्री रामकुमार पुत्र रघबीर उर्फ रघवीर, हाल आबाद मन्जू पत्नी नरेश कुमार, निवासी मकान न0 33, बी.एम. प्लाजा, मार्किट चकरपुर, गुरूग्राम, हरियाणा–122002 व (5) कुलदीप यादव (6) तरूण पुत्रान शेरसिहं पुत्र रघबीर उर्फ रघवीर, निवासीगण गांव काजीपुर, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110073 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2021–22, के अनुसार अराजी खेवट न0 119/101 मिन, खाता न0 128, मु0 न0 31, किला न0 7/1/2(2–2) में से मिन दक्षिण (0–12), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 12 मरले सालम भाग (जिसमें हरिन्द्र कुमार – हरिश कुमार यादव – सुदेश – मन्जू हर चार समभाग) व खेवट न0 120 मिन/101, खाता न0 129 मिन, मु0 न0 31, किला न0 8/1(7–13) में रो मिन दक्षिण (1–10), 9(8–0) में रो मिन दक्षिण (0–11), किते 2, तादादी रकबा 2 कनाल 1 मरला सालम भाग (जिसमें कुलदीप यादव – तरूण हर दो समभाग), उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 2 कनाल 13 मरले (0.33125 एकड़), वाका रकबा मौजा लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्किल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्किल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 2 कनाल 13 मरले (0.33125 एकड़), पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्किल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 20.08.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail: svkggn@yahoo.com

# किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा को चुनौती, हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 14(4) को चुनौती देने वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। कुरुक्षेत्र निवासी उदित सिन्ध्यान ने अपनी याचिका में कहा कि अधिनियम की धारा के अनुसार, किशोर न्याय बोर्ड द्वारा किसी भी जांच या पूछताछ को शुरू होने की तारीख से छह महीने के भीतर पूरा किया जाना चाहिए, जब तक कि इस अवधि को तीन महीने और बढ़ाया न जाए। याचिकाकर्ता का तर्क है कि यह समय-सीमा पूरी तरह से मनमानी है और यह न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।

### यह धारा अपराधियों को दंडित होने से बचा सकती है

याचिकाकर्ता का कहना है कि त्वरित सुनवाई का अधिकार एक सारहीन अधिकार है, जिसे एक कठोर समय-सीमा से सीमित नहीं किया जा सकता, खासकर जब यह न्याय को बाधित करता हो। उन्होंने यह भी तर्क दिया है कि यह धारा अपराधियों को दंडित होने से बचा सकती है, जिससे सामाजिक न्याय प्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। हाई कोर्ट के जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी पर आधारित बेंच ने इस मामले में केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दायर करने का आदेश दिया है।

याचिका में कहा कि उसके पिता, सुरेंद्र कुमार की 19 मार्च, 2021 को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। चूंकि इस दुर्घटना में शामिल कुछ आरोपित नाबालिग थे, इसलिए मामला कुरुक्षेत्र में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने चला गया। हालांकि, 4 मार्च, 2022 को, बोर्ड ने धारा 14 (4) में निर्धारित समय-सीमा के कारण कार्यवाही को समाप्त कर दिया। याचिका में इस फैसले को न्याय का उपहास बताया गया है, क्योंकि इससे पीड़िता को बिना किसी न्यायिक निष्कर्ष के छोड़ दिया गया। याचिका में कहा गया है कि धारा 14 (4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन करती है।

## हिसार में आईएमसी विकसित करने में सहायता करेगा एनआईसीडीआईटी

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम, हिसार में एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) के विकास में हरियाणा सरकार का सहयोग करेगा। अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारा (एकेआईसी) ने आज राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी), हरियाणा सरकार और हरियाणा हवाई अड्डा विकास निगम (एचएडीसी) के बीच राज्य समर्थन समझौते (एसएसए) और शेयरधारक समझौते (एसएचए) पर हस्ताक्षर किए। समझौते की शुरुआत हिसार में एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) के विकास से होगी। स्थानीय विनिर्माण क्षमताओं को मज़बूत करके और घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय निवेश को प्रोत्साहित करके,



एकेआईसी मेक इन इंडिया पहल को आगे बढ़ाने और भारत को और अधिक आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हरियाणा में एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) हिसार के राज्य में आर्थिक विकास का एक प्रमुख संचालक बनने की संभावना है। इसके विकास से व्यापार-अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहन मिलेगा, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा और एक प्रमुख औद्योगिक स्थल के रूप में हरियाणा की स्थिति और मजबूत होगी।

JINDAL STEEL

**जिन्दल स्टील लिमिटेड**
(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
(CIN: L27105HR1979PLC009913)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट सचिवालय कार्यालय : जिन्दल सेंटर, टावर-ए, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-32, गुड़गांव-122001 (हरियाणा)
Website: www.jindalsteel.com | Email: investorcare@jindalsteel.com | Tel.: +91 124 6612000
jindalsteel_ jindal_steel jindalsteellimited jindalsteel_ jindalsteel_

**100 दिवसीय अभियान - "सक्षम निवेशक"**
**"28 जुलाई, 2025 से 6 नवंबर, 2025 तक अपने विवरण अपडेट करें और अपने लाभांशों का दावा करें"**

कम्पनी मामलों का मंत्रालय ("एमसीए"), निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण ("आईईपीएफए") निर्देश दिनांक 16 जुलाई 2025 के अनुसार, कंपनियों को शेयरधारकों को भुगतान नहीं किए गए लाभांशों का दावा करने और आईईपीएफ में राशि हस्तांतरित होने से पहले अपने विवरण अपडेट करने में मदद करने के लिए एक 100-दिवसीय जागरूकता अभियान - "**सक्षम निवेशक**" - आयोजित करना है। इस अभियान का उद्देश्य शेयरधारकों के बीच जागरूकता पैदा करना है कि वे निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि ("आईईपीएफ") में स्थानांतरित किए जाने से पहले किसी भुगतान नहीं किए गए अथवा दावा नहीं किए गए लाभांशों का दावा करें और अपने विवरण अपडेट करें। शेयरधारकों के लाभ के लिए, कंपनी अथवा रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड ("आरटीए") के पास अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) अर्थात पैन, नामांकन विवरण, संपर्क जानकारी (डाक पता, मोबाइल नंबर), बैंक खाता विवरण, नमूना हस्ताक्षर को अपडेट करना महत्वपूर्ण है।

चूँकि शेयरों पर लाभांश केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड में भुगतानयोग्य है, इसलिए केवल उपरोक्त जानकारी/दस्तावेजों को अपडेट करने के बाद ही लाभांश शेयरधारक के बैंक खाते में जमा किया जाएगा।

इस अभियान के दौरान वे सभी शेयरधारक जो अपने लाभांश का दावा नहीं कर चुके हैं अथवा अपना केवाईसी अपडेट नहीं करवा चुके हैं अथवा दावा न किए गए लाभांशों और शेयरों से संबंधित किसी मुद्दे पर कम्पनी के आरटीए को लिख सकते हैं अर्थात
अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड
4ई/2 झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
ईमेल: : ramap@alankit.com टोल-फ्री नंबर: 011-42541955

यह सूचना कंपनी की वेबसाइट पर www.jindalsteel.com पर और स्टॉक एक्सचेंजेज जहां कम्पनी के शेयर सूचीकृत हैं, अर्थात एनएसई और बीएसई की वेबसाइट्स पर भी उपलब्ध है

कृते जिंदल स्टील लिमिटेड
(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
हस्ता/-
दामोदर मित्तल
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 00171650

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 20 अगस्त, 2025

### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

**मु.न. 233 दिनांक 17.08.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर सोनीपत जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- रीतिका ।
पति का नाम सागर।
पता - सुभाष नगर जिला सोनीपत ।
उम्र- 20 वर्ष
कद- 52 फुट ।
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, मोटी गर्दन, सामन्य शरीर हैं।
पहनावा लाल रंग का कुर्ता, पीली रंग की चुन्नी नीले रंग की जिस, लेडिज चप्पल पहने हुए।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 15.08.2025 को रीतिका पत्नि सागर सुभाष नगर जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ बताए घर से कही चली गयी हैं। अब तक घर वापिस नही आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

प्रबन्धक थाना कुण्डली न0 - 7419410532
अनुसंधान कर्ता सुरेन्द्र कुमार 1298/ सोनीपत मो0 न0 - 9467599855
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/3769/2026/37806/88/6 दि. 20.08.2025

### विषय वस्तु विशेषज्ञ के कार्यालय, सीओई, मुनीमपुर (झज्जर) में मिनी ट्रैक्टर हेतु उपकरणों की खरीद के लिये उद्धरण आमंत्रण हेतु शुद्धिपत्र सूचना

फूलों की खेती और बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मिनी ट्रैक्टर (महिन्द्रा जीवो 245) के लिए उपकरणों की खरीद के लिए पंजीकृत कम्पनियों / आपूर्तिकर्ताओं / सेवा प्रदाता एजेंसियों से मोहरबंद उद्धरण आमंत्रित करता है।

**उपकरणों के विवरण निम्नानुसार हैं :-**

| क्र. सं. | उपकरणों/ पम्प का नाम | विशिष्टि | मात्रा | मूल्य (सभी पात्र करों समेत) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हैरो | डिस्क की संख्या : 8 डिस्क, (4 × 4)<br>डिस्क हैरो का प्रकार : ट्रैक्टर डिस्क हैरो<br>सामग्री : माइल्ड स्टील/कार्बन स्टील<br>डिस्क का व्यास : 20-24 इंच<br>लगभग वजन : 320-350 कि.ग्रा.<br>फ्रेम का प्रकार : लोहे का फ्रेम | 1 | |
| 2. | लेवलर | फ्रेम का प्रकार : लोहे का फ्रेम<br>लंबाई : 04 फीट<br>ऊँचाई : 2.25 फीट<br>लगभग वजन : 100-110 कि.ग्रा. | 1 | |
| 3. | बंद मेकर | फ्रेम का प्रकार : लोहे का फ्रेम<br>लंबाई : 04 फीट<br>चौड़ाई : 1.5-2 फीट लगभग<br>वजन : 80-90 कि.ग्रा.<br>प्रकार : सिंगल टाइन चौड़ाई 24 इंच | 1 | |

**नियम एवं शर्तें :-**

1. बोलीदाता सभी सम्बन्धित अपेक्षित दस्तावेज अर्थात पैन कार्ड, जीएसटी सर्टिफिकेट और अन्य कर (जो लागू हो) प्रदान करेंगे।
2. बोलीदाता सुनिश्चित करेंगे कि उपकरणों को बनाने में उपयोग की जाने वाली सामग्री बढ़िया गुणवत्ता की अवश्य होनी चाहिए।
3. बोलीदाता सुनिश्चित करेंगे कि उपकरणों की आपूर्ति और डिलीवरी से पहले पेंट अवश्य किया जाना चाहिए।
4. बोलीदाता एकल उपकरण हेतु बोली दे सकते हैं।
5. बोलीदाता को फूलों की खेती और बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) में उपकरणों की आपूर्ति और डिलीवरी करनी होगी।
6. मोहरबंद उद्धरण विषय वस्तु विशेषज्ञ के कार्यालय, सीओई, मुनीमपुर, झज्जर में दिनांक 01.09.2025 अप. 2.00 बजे तक या इससे पूर्व जमा करवाएं/पहुंच जाने चाहिएं।
7. उद्धरण तब तक वैध है जब तक की सभी वर्णित उपकरणों हेतु निविदा प्रक्रिया को अन्तिम रूप नहीं दिया जाता।
8. अधिक विवरण हेतु 9671627548, 8683801977 पर सम्पर्क करें अथवा coemunimpur@gmail.com पर मेल करें।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ
सीओई, मुनीमपुर, झज्जर

पीआरडीएच-1149/11/909/2026/37873/88/6 दि. 20.08.25

## पलवल के कपिल ने कजाकिस्तान में जीता स्वर्ण, सीएम ने दी बधाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कजाकिस्तान में आयोजित 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर पलवल के होनहार खिलाड़ी कपिल बैंसला को बधाई दी। कपिल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में सजूनियर फाइनल में शीर्ष स्थान प्राप्त कर यह गौरव हासिल किया। मुख्यमंत्री ने फोन पर कपिल से बातचीत करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि हरियाणा के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।



कपिल बैंसला

■ एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में लगाया निशाना



### प्रोत्साहन कर रही सरकार

सीएम सैनी ने कपिल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने भी कपिल को बधाई देते हुए कहा कि उनका यह स्वर्ण पदक न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है कि कपिल ने 10 मीटर एयर पिस्टल मेंस जूनियर फाइनल में प्रथम स्थान पाया है।

## रमेश कुमारी ने हाई कोर्ट के जज के तौर पर शपथ ली

**पंचकूला।** सुपीरियर ज्यूडिशियल सर्विस की अधिकारी व जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमारी ने हाई कोर्ट के जज के तौर पर शपथ ले ली है। इसके साथ ही हाई कोर्ट में जजों की संख्या 60 पहुंच गई है। बुधवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू ने एक साधे कार्यक्रम में रमेश कुमारी को अतिरिक्त जज के तौर पर शपथ दिलाई। पिछले दिनों राष्ट्रपति ने कुमारी को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया था। इस बाबत केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार रमेश कुमारी अपने पद का कार्यभार संभालने की तिथि से लेकर 9 जून 2027 तक या 62 वर्ष की आयु पूरी कर सेवानिवृत्ति प्राप्त करेंगी। वर्तमान में केवल 59 पदों पर ही जज कार्य कर रहे थे और बाकी 26 पद खाली थे। रमेश कुमारी के आने के बाद हाई कोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है।

## मंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए निर्देश

# वन विभाग की भूमि पर भी पौधरोपण कर सकेंगे वन मित्र, मानदेय में देरी नहीं होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने के लिए वन मित्र योजना को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि अब वन मित्र केवल निजी भूमि पर ही नहीं, बल्कि वन विभाग की भूमि पर भी गड्ढे खोदकर पौधारोपण कर सकेंगे।

मंत्री ने ये निर्देश चंडीगढ़ में वन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनंद मोहन शरण, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



### 2598 युवाओं को 'वन मित्र' का दर्जा

वन मंत्री ने स्पष्ट किया कि वन मित्रों को दिए जाने वाले 15 हजार रुपये मासिक मानदेय में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए और इसे तुरंत जारी किया जाए। मंत्री को अवगत करवाया गया कि वर्ष 2024 में शुरू की गई वन मित्र योजना के तहत 70 हजार युवाओं ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया था, जियो टैगिंग के बाद 2598 युवाओं को 'वन मित्र' का दर्जा दिया गया।

### सत्यापन की हो नई व्यवस्था

मंत्री ने निर्देश दिए कि अब जियो टैगिंग के बजाय डीएफओ, कंजरवेटर और फॉरेस्ट गार्ड व्यक्तिगत रूप से गड्ढों और पौधारोपण का सत्यापन एवं मॉनिटरिंग करेंगे। इससे वन मित्रों के कार्य का सही मूल्यांकन हो सकेगा और उनका मानदेय डीबीटी के माध्यम से पारदर्शी ढंग से जारी किया जा सके। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में प्रदेश को हरियाली और स्वच्छ वायु का प्रदेश बनाया जाए।

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**
सी.जी.-डी.एल.-अ.- 26072025-264989
CG-DL-E-26072025-264989
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग-II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं.3347] नई दिल्ली, शुक्रवार, जुलाई 25, 2025/श्रावण 3, 1947
No.3347] NEW DELHI, FRIDAY, JULY 25, 2025/SHRAVANA 3, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 25 जुलाई, 2025

**का.आ. 3424 (अ).**– केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ. 225 (अ), जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में दिनांक 13.01.2025 प्रकाशित की गई थी, द्वारा हरियाणा राज्य के कैथल जिले में दिल्ली – अमृतसर – कटरा एक्सप्रेसवे (एनई–5) के कि.मी. 96+790 से कि.मी. 101+900 व कि.मी. 102+300 से कि.मी. 130+586 तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने / 4 लेन/ 6 लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी ;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "13.02.2025" को "हिंदुस्तान टाइम्स" और "हरिभूमि" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

और सक्षम प्राधिकारी को किसी भी व्यक्ति से कोई आक्षेप प्राप्त नहीं हुए है;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए ;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी ।

**अनुसूची**

**हरियाणा राज्य के कैथल जिले में दिल्ली–अमृतसर–कटरा एक्सप्रेसवे (एनई–5) के कि.मी. 96+790 से कि.मी. 101+900 व कि.मी. 102+300 से कि.मी. 130+586 तक के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण ।**

4981 GI/2025

[फाइल नंबर: NHAI/PIUBHIW/22004/2019-20/DAKExp./3D
शेख अमीन खान, निदेशक

जिला: कैथल
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 25 /07 /2025
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in
नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

**3 जी (3)/(4) के तहत सार्वजनिक सूचना**

**"भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3D के अनुसरण में जारी उक्त अधिसूचना (का. आ. 3424 (अ))** से भारत के राजपत्र में दिनांक 25.07.2025 के प्रकाशन के उपरान्त अधिसूचना में वर्णित समस्त भूमि केन्द्र सरकार मे निहित हो गई है। अतः समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को उक्त अधिनियम की धारा 3G (3)/(4) के अन्तर्गत मुआवजा राशि के निर्धारण हेतु सार्वजनिक समाचार पत्रों में इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे अपने हित की भूमि के संबंध में इस प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर मुआवजा राशि निर्धारण हेतु अपना दावा भूमि से संबंधित प्रमाणित अभिलेखों सहित स्वयं या अपने अधिकृत अभिकर्ता अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। मियाद गुजरने के पश्चात् कोई आक्षेप स्वीकार नही किया जावेगा एवं प्रकरण की एकतरफा सुनवाई कर मुआवजा सूची जारी कर दी जावेगी ।"

सक्षम प्राधिकारी (भू.अ.)
सह–जिला राजस्व अधिकारी, कैथल




## खबर संक्षेप

### चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी ने की विजेताओं की घोषणा

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी ने अपनी 11वीं वार्षिक लघु कथा लेखन प्रतियोगिता और वार्षिक कविता प्रतियोगिता 2025 के विजेताओं की घोषणा की। सीएलएस की अध्यक्ष डॉ. सुमिता मिश्रा, आईएएस ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनकी रचनात्मकता, मौलिकता और साहित्यिक प्रतिभा की सराहना की। अंग्रेजी कविता में, डॉ. रितु कामरा कुमार ने प्रथम पुरस्कार जीता, डॉ. देवीयानी सिंह ने द्वितीयपुरस्कार और हरलीन कौर ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि झिलम चट्टराज और सुमित कुमारवर्तिया को विशेष उल्लेख मिला। हिंदी कविता में, राखी मल्होत्रा ने प्रथम पुरस्कार, दीपिका चौधरी ने द्वितीय पुरस्कार और विमला गुग्लानी ने तृतीय पुरस्कार जीता, डॉ. शिल्पी पट्टर दत्त को विशेष उल्लेख मिला। पंजाबी कविता में, सुनीता कुमारी (उप्पल) ने प्रथम पुरस्कार और मानदीप सोहल ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया, व राजिंदर कौर सराओ को विशेष उल्लेख मिला। अन्य वर्ग में भी पुरस्कार दिए गए।

# निजी स्कूल ने थमा दिए दसवीं के बोगस सर्टिफिकेट, भाई-बहन का एक ही रोल नंबर, एक जैसा डीएमसी नंबर, 90 हजार रुपये भी ऐंठे

**प्रमाण पत्र ई-दिशा केंद्र में आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए दिखाए तो बोगस निकले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां (फतेहाबाद)

- तमिलनाडु बोर्ड के प्रमाण पत्र, बच्चों के पिता ने सीएम विंडो व अधिकारियों के पास शिकायत भेजी

खंड के गांव किरढाण स्थित एक निजी स्कूल पर फर्जीवाड़े का गंभीर आरोप लगा है। सिरढाण निवासी दलवीर राड़ के दो बच्चों पूनम और देवेंद्र को एमडीएस स्कूल द्वारा दसवीं के बोगस प्रमाण पत्र थमा दिए गए। पीड़ित परिवार ने सीएम विंडो, जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त, एसपी समेत कई उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। दलवीर राड़ ने बताया कि उनके दोनों बच्चे पूनम और देवेंद्र पिछले 3-4 वर्षों से किरढाण के एमडीएस शिक्षण संस्थान में पढ़ाई कर रहे थे। वर्ष 2022 में जब वे मैट्रिक कक्षा में थे, किसी कारणवश परीक्षा नहीं दे सके। स्कूल संचालक उग्रसेन ज्याणी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह किसी अन्य बोर्ड से परीक्षा दिलवाएगा। तीन साल बीत गए, लेकिन न परीक्षा हुई, न कोई प्रमाण पत्र मिला। मार्च 2025 में अचानक स्कूल संचालक ने दोनों बच्चों के नाम से तमिलनाडु बोर्ड के प्रमाण पत्र थमा दिए। जब यह प्रमाण पत्र ई-दिशा केंद्र में आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए दिखाए गए, तो खुलासा हुआ कि दोनों प्रमाण पत्र बोगस हैं। जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। भाई-बहन दोनों के सर्टिफिकेट पर एक ही रोल नंबर और एक ही डीएमसी सीरियल नंबर दर्ज था। यही नहीं, दोनों की जन्मतिथि में भी केवल चार महीने का अंतर दिखाया गया है, जो प्रमाण पत्र की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है। दलवीर राड़ का आरोप है कि स्कूल संचालक ने बच्चों के सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर उनसे कुल 90 हजार रुपये भी वसूल लिए, लेकिन न बच्चों का भविष्य बना, न पैसा वापस मिला।



भट्टूकलां। भाई-बहन को जारी किए गए सर्टिफिकेट। इनसेट में धोखाड़ी का आरोप लगाते दलबीर

### तीन स्कूल प्राचार्यों की जांच कमेटी ने बताया धोखाधड़ी

इस मामले में दलवीर राड़ ने मुख्यमंत्री समेत शिक्षा व पुलिस प्रशासन के तमाम उच्चाधिकारियों को शिकायत भेजी। जुलाई में यह मामला खंड शिक्षा अधिकारी बलवान सिंह के संज्ञान में आया। उन्होंने तीन स्कूल प्राचार्यों की एक जांच कमेटी गठित की, जिसने स्पष्ट किया कि बच्चों के साथ धोखाधड़ी हुई है। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि यह मामला धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है और इसमें तीनों आरोपियों की जांच किसी पुलिस अधिकारी से करवाई जानी चाहिए।

### स्कूल संचालक बोले : बच्चे 2021 में ही स्कूल छोड़ गए

इस मामले में एमडीएस स्कूल के संचालक उग्रसेन ज्याणी का कहना है कि पूनम और देवेंद्र नामक दोनों बच्चे उनके स्कूल में 2021 तक ही पढ़ते थे। इसके बाद वे स्कूल छोड़ चुके थे। हम पर लगाए गए आरोप निराधार हैं।

### पिता बोले- हम न्याय के लिए दर-दर भटक रहे

दलवीर राड़ का कहना है कि वे न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। हमने हर जगह दस्तक दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में किसी अन्य बच्चे के साथ इस तरह का धोखा न हो।

# रेवाड़ी में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ इंस्पेक्टर को गोली लगी, आरोपी फरार

■ नशे का विरोध करने वालों के लिए बुलाए थे शूटर ■ लोकेशन के आधार पर पीछे करते पहुंची पलवल एसटीएफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भठेड़ा गांव में मंगलवार की रात बदमाशों के साथ पलवल एसटीएफ की मुठभेड़ पूरी तरह से नशा तस्करी के विरोध से जुड़ी हुई है। गांव में नशे की बिक्री का विरोध करने वाले युवाओं को सबक सिखाने के लिए बाहर से शूटर बुलाए गए थे। पलवल एसटीएफ लोकेशन और सूचना के आधार पर बदमाशों का पीछा करते हुए भठेड़ा गांव पहुंची थी, जहां उसकी बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए खेतों के रास्ते भागने में कामयाब हो गए, परंतु नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे गांव के पांच युवाओं को युवक अपने साथ ले गई। ग्रामीणों से जुटाई गई जानकारी के अनुसार गांव का एक व्यक्ति नशा तस्करी का धंधा करता है। गांव के कुछ युवा नशा तस्करी का विरोध कर रहे हैं। एक युवक ने कुछ दिन पहले नशा तस्करी की शिकायत की थी, जिसके बाद तस्करी में लिप्त व्यक्ति ने उसे अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी। रात को उसी युवक का सबक सिखाने के लिए बदमाशों को बुलाया गया था। बताया जा रहा है कि गांव में बदमाशों के पहुंचने से पहले ही एसटीएफ दस्तक दे चुकी थी। बदमाशों की एक गाड़ी ने जैसे ही गांव की फिरनी में प्रवेश किया, एसटीएफ की गाड़ी ने बदमाशों की गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके बाद बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने बदमाशों की बोलेरो गाड़ी के टायर गोली मारकर पेंचर कर दिए। इसी दौरान बदमाशों की गोली इंस्पेक्टर अनिल छिल्लर के पैर में लगी। सूचना मिलने के बाद खोल व रेवाड़ी थानों से भी पुलिस मौके पर भेजी गई, परंतु अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश फरार होने में कामयाब हो चुके थे। पुलिस का सर्च ऑपरेशन बुधवार को दिन भर चलता रहा।



रेवाड़ी। सीसीटीवी में कैद बदमाश।

### रोहतक सीआईए भी पहुंची

जानकार सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ की सूचना के बाद रात को ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। भारी पुलिसबल को बदमाशों की तलाश में लगाया गया। सीआईए की टीमों के साथ-साथ रोहतक सीआईए के भी पहुंचने की सूचना है। बदमाशों को काबू करने के लिए पुलिस दिन भर सर्च अभियान में जुटी रही, परंतु गिरफ्तारी को लेकर कोई पुष्टि नहीं की गई। पुलिस के आला अधिकारियों ने अभी इस मामले में कुछ भी बताने से इनकार किया है।

### बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं

पुलिस की टीमें बदमाशों का पता लगाने के प्रयास कर रही हैं। अभी केस दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। गांव के संदिग्ध युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। निर्दोष पाए जाने वाले युवकों को जल्द रिहा कर दिया जाएगा।

**रोहतक**

### पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो बदमाश घायल


रोहतक। गांव आंवल के पास एवीटी स्टाफ और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है और उनका उपचार पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। घायल बदमाशों की पहचान सोमबीर निवासी लाखनमाजरा और सुमित निवासी सुनारियां कलां के रुप में हुई है। बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बाइक चोरी और शराब के ठेके पर लूट की वारदात करने वाले बदमाश गांव आंवल पास घूम रहे हैं। सूचना के बाद इंस्पेक्टर अश्विनी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान फायरिंग में सोमबीर निवासी लाखनमाजरा के पैर में और सुमित निवासी सुनारियां कलां के घुटने में गोली लगी। दोनों घायलों को पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है, जहां दोनों का उपचार चल रहा है।

# महिला नशा तस्कर साथी के साथ गिरफ्तार, 29 किलो गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- टोहाना में एनसीबी ने दो आरोपियों को दबोचा

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने फतेहाबाद के टोहाना क्षेत्र से एक महिला सहित दो नशा तस्करों को किया गिरफ्तार किया है। टीम ने डांगरा रोड पर रतिया-टोहाना बाईपास से इन्हें काबू कर इनके पास से 29.330 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत वाणिज्यिक मात्रा का मुकदमा दर्ज किया गया है। इस बारे जानकारी देते हुए एनसीबी फरीदाबाद यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ थाना शहर टोहाना के क्षेत्र में मौजूद थे। इस दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि डांगरा रोड न्यू रतिया-टोहाना बाइ-पास पर से दो नशा तस्कर अपनी मोटरसाइकिल पर नशीले पदार्थों की तस्करी का कर रहे है। इस पर पुलिस टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई की गई और आरोपियों को तस्करी में इस्तेमाल वाहन सहित काबू कर लिया गया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उनके पास प्लास्टिक के कट्टे से 29.330 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेन्द्र जबकि महिला नशा तस्कर की पहचान बाला पत्नी जयवीर निवासी गांव धमतान साहिब जिला जींद के रूप मे हुई है।



फतेहाबाद। पुलिस की गिरफ्त में नशा तस्कर।

# गुरुग्राम में प्रवासी पकड़ो अभियान को हाईकोर्ट में चुनौती

- याचिका में आरोप-वैध दस्तावेज़ होने पर भी हिरासत में रखा गाया

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस द्वारा गुरुग्राम में चलाए जा रहे अवैध प्रवासियों को पकड़ने के अभियान को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। आरोप है कि इस अभियान में वैध भारतीय नागरिकों को भी अवैध तरीके से हिरासत में लिया जा रहा है। इस संबंध में दायर जनहित याचिका में अदालत से गुहार लगाई गई है कि राज्य सरकार उचित दिशा-निर्देश और स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी ) बनाए तथा बेगुनाह भारतीय नागरिकों की मनमानी गिरफ्तारी पर तुरंत रोक लगाए। चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील भवप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस प्रवासियों को केवल इस शक में पकड़ रही है कि वे विदेशी नागरिक हो सकते हैं, जबकि उनके पास वोटर कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड और पारिवारिक दस्तावेज़ तक मौजूद हैं। आरोप लगाया गया कि पकड़े गए लोगों को सामुदायिक केंद्रों में अमानवीय परिस्थितियों में रखा जा रहा है, जहां 200-300 लोगों को ठूंस कर कैद किया जाता है। यहां तक कि न तो उनके परिवार वालों को मिलने दिया जाता है।

# बामला के सपूत मेजर अभिषेक ग्रेवाल को मिला सेना कमेंडेशन कार्ड अवॉर्ड



**भिवानी।** गांव बामला के सपूत भारतीय सेना में सेवारत मेजर अभिषेक सिंह ग्रेवाल को उनकी असाधारण बहादुरी एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए कमेंडेशन कार्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें 15 अगस्त को पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ ने दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी एवं गर्व का माहौल है। इस बारे में जानकारी देते हुए मेजर अभिषेक के पिता सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल ने बताया कि मेजर अभिषेक को ये प्रतिष्ठित सम्मान सेना में उनकी विशिष्ट सेवाओं एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में किए सराहनीय कार्यों के लिए मिला है। उन्होंने बताया कि पूर्वी कमान देश के लिए अहम काम कर रही है।

### सुसाइड नोट में बेटी ने लिखी थी नोरसेट की परीक्षा के बाद नर्सिंग अफसर बनने की ख्वाहिश

# जीते जी नहीं दे सकी नोरसेट की परीक्षा, मरने के बाद मनीषा का शव पहुंचा एम्स की दहलीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- एम्स आयोजित करता है बीएससी नर्सिंग के बाद नोरसेट की परीक्षा

भले ही की मनीषा की बीएससी नर्सिंग नहीं हुई थी,लेकिन उसने सपने बड़े पाले हुए थे। उसने बीएससी नर्सिंग के बाद नोरसेट(नर्सिंग ऑर्गेनाइजेशन रेक्रूटमेंट कॉमन इलिजिऐबल टेस्ट) उत्तीर्ण कर एम्स में बतौर नर्सिंग ऑफिसर नियुक्ति पाने का सपना पाला हुआ था। पर वह जीते जी एम्स में नहीं पहुंच पाई,लेकिन उसका शव एम्स की दहलीज तक जरूर पहुंच गया। भगवान को यही मंजूर था। इस बात का खुलासा मृतक मनीषा के पास मिले सुसाइड नोट से हुआ। सुसाइड नोट में मृतका मनीषा ने लिखा था कि मेरा बस अपने माता पिता का ड्रीम पूरा करना था। मैं बीएससी नर्सिंग करके नोरसेट क्रैक करू, ताकि एम्स में नर्सिंग ऑफिसर बन कर सपना पूरा कर सकूं। इस लेख से पता चलता है कि मनीषा में नर्सिंग ऑफिसर बनने की कितनी तमन्ना थी।

हालांकि अभी उसने बीएससी नर्सिंग की पढाई नहीं की थी,लेकिन उसने आगे की योजना पहले से ही तय कर ली थी। होनी को कुछ ओर ही मंजूर था। वह 11 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई और 13 अगस्त को उसका खेतों में पड़ा शव मिला। शव का पोस्टमार्टम भिवानी हुआ,लेकिन परिजन माने नहीं,उसके बाद पीजीआई रोहतक करवाया गया। उसके बाद ग्रामीण दाह संस्कार के लिए तैयार नहीं हुए। इसी मामले को लेकर आज ग्रामीणों ने फिर से मनीषा के शव का पोस्टमार्टम कराने की बात पर अड़ गए। इस बार न तो भिवानी और न ही रोहतक। लोगों ने दिल्ली के ऐम्स के चिकित्सकों से पोस्टमार्टम कराने की बात पर अड़ गए। बाद में उपायुक्त ने सहमति जताने के बाद मनीषा के शव का पोस्टमार्टम दिल्ली एम्स में करवाया गया।

### पढ़ाई में होशियार थी मनीषा



ग्रामीण बताते है कि मृतका मनीषा पढाई में जबरदस्त होशियार थी। वह हरेक परीक्षा में 70-80 फीसदी से ज्यादा अंक हासिल करती थी। वह अपनी पढ़ाई की लय को इसी दिशा में बरकरार रखते हुए प्ले स्कूल ज्वाइन किया हुआ था। ताकि पढाई के टच में रह कर अपनी मुकाम को हासिल कर पाऊं। यहां यह बताते चले कि मनीषा ने केवल पढाई की लय को जारी रखने के लिए प्ले स्कूल के बच्चों को पढाना शुरू किया। ताकि वह स्कूल के सिलेबस के साथ साथ अपनी बीएससी नर्सिंग की पढाई भी जारी रख सके। उसने इसी तरह की मंशा अपने मन में पाली हुई थी।





गंगा नदी पर बना 1.86 किमी लंबा और 6-लेन का अंटा–सिमरिया पुल शामिल

# 18,000 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ और शिलान्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। इस दौरान वे दोनों राज्यों में मिलाकर 18,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। पीएम शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे गया पहुंचेंगे, जहां वे 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे

### एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे

इसके अलावा प्रधानमंत्री 7.2 किमी लंबे 6-लेन एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे जिसकी लागत लगभग 1,200 करोड़ रुपए है। यह प्रोजेक्ट हावड़ा, ग्रामीण इलाकों और कोलकाता को बेहतर कनेक्टिविटी देगा, जिससे व्यापार, पर्यटन और यातायात में बड़ा सुधार होगा।



### जनसभा को करेंगे संबोधित

इस दौरान वे दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रमुख परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31, गंगा नदी पर बना 1.86 किमी लंबा और 6-लेन का अंटा–सिमरिया पुल शामिल है। यह पुल पुराने राजेंद्र सेतु के समानांतर बना है और इसकी कुल लंबाई 8.15 किमी है। लगभग 1,870 करोड़ रुपए की लागत से बने इस पुल से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी और भारी वाहनों को अब 100 किमी का अतिरिक्त चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

### कई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे

प्रधानमंत्री मुंगेर में 520 करोड़ रुपएकी लागत से बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे। औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद सहित अन्य शहरों में जल आपूर्ति और सीवरेज प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। गया–दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस और वैशाली-कोडरमा बौद्ध सर्किट ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के 12,000 और शहरी क्षेत्र के 4,260 लाभार्थियों को मकानों की चाबी भी सौंपी जाएगी।

### कोलकाता में नए मेट्रो नेटवर्क का करेंगे लोकार्पण

प्रधानमंत्री शुक्रवार को ही शाम करीब 4:15 बजे कोलकाता पहुंचेंगे, जहां वे करीब 5,200 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वे कोलकाता में 13.61 किमी लंबे नए मेट्रो नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे, जिसमें नोआपारा-जय हिंद विमानबंदर, सियालदह-एस्प्लेनेड और बेलीघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय रूट शामिल हैं। इससे समय में भारी कमी आएगी, सियालदह से एस्प्लेनेड तक का सफर मात्र 11 मिनट में पूरा होगा।

## मध्यप्रदेश में होगा 26 से 27 अगस्त तक 'रणसंवाद-2025' का आयोजन

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** मध्य-प्रदेश के महू स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में 26 से 27 अगस्त तक तीनों सशस्त्र सेनाओं के एक संयुक्त सेमिनार 'रणसंवाद-2025' का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य विषय 'युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव' होगा। कार्यक्रम की खास बात यह होगी कि इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह, नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के.त्रिपाठी सहित कई अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एक साथ भाग लेंगे। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद यह पहला ऐसा मौका होगा। जब तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी रक्षा मंत्री की उपस्थिति में अपने अनुभव साझा करेंगे।

## खबर संक्षेप

### जमीन और नौकरी के बीच कोई संबंध नहीं

**नई दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। यह मामला



आरजेडी सुप्रीमो और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव समेत कई आरोपियों से जुड़ा है। राबड़ी देवी की ओर से पेश वकील ने दलील देते हुए कहा कि इस पूरे मामले में जमीन और नौकरी के बीच कोई सीधा कनेक्शन नहीं है।

### फेसबुक से 3 अफसरों को किया सस्पेंड

**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले में सड़क रखरखाव की लापरवाही ने बड़ा विवाद खड़ा कर



दिया है। हैरानी की बात यह रही कि लोक निर्माण विभाग मंत्री पीए.मुहम्मद रियास ने किसी नोटिस या आधिकारिक लेटर की बजाय फेसबुक पोस्ट के जरिए ही तीन अधिकारियों को सस्पेंड करने का ऐलान कर दिया।

### जर्जर मकान जमींदोज 3 मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में बड़ा हादसा हुआ है। दरियागंज इलाके में एक मकान



जमींदोज हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। बुधवार 12.14 बजे मकान जमींदोज हो गया।

### हंगामे के बीच उत्तराखंड में 9 विधेयक पास

**देहरादून।** उत्तराखंड में विपक्ष के भारी हंगामे के बीच सभी नौ विधेयक सदन में पारित हो गए है।



सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है।उत्तराखंड अल्पसंख्यक विधेयक भी सदन में पारित हुआ। सभी अल्पसंख्यक समुदायों के लिए एक प्राधिकरण गठित होगा।

## गृहमंत्री शाह ने लोकसभा में पेश किए तीन विधेयक

# विपक्ष ने इसे जनविरोधी और देश में लोकतंत्र को खत्म करने वाला करार दिया

बुधवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक-2025 पेश

### प्रधानमंत्री, मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों को गंभीर अपराध के आरोपों में गिरफ्तारी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बुधवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक-2025, संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक-2025 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक-2025 पेश किए. इसमें प्रधानमंत्री, मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को गंभीर अपराध के आरोपों में गिरफ्तार किए जाने पर पद से हटाने का प्रावधान है। सदन में हंगामे के चलते तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला लिया गया है। इस हंगामा थमता नजर नहीं आ रहा है. विधेयक को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसे जन विरोधी करार दिया है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने तो यहां तक कह डाला कि 130वां संविधान संशोधन विधेयक देश में लोकतंत्र को हमेशा के लिए खत्म कर देगा।



माननीयों ने यह कहा

### खरगे ने बोला हमला, देश विरोधी कहा



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विधेयक का विरोध करते हुए सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये सरकार ताकत का इस्तेमाल करके जन विरोधी कानून लाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा कि रातोंरात यह विधेयक क्यों लाए? क्योंकि कांग्रेस सड़कों पर उतर आई है इसलिए. यह सिर्फ दिखावा है। बिल्कुल महिला विधेयक की तरह। यह सब सिर्फ नाटक है।

### विपक्ष को निशाना बनाया जा सकेगा: अधीर रंजन

विधेयक पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सत्ता



पक्ष की अपने बहुमत का इस्तेमाल करके इस विधेयक को पारित करने की मंशा ठीक नहीं है। इसका इस्तेमाल विपक्ष को निशाना बनाने के लिए एक हथियार के रूप में किया जाएगा। यह एक क्रूर कृत्य है. ऐसे समय में जब चुनाव आयोग पर सवाल उठ रहे हैं, सत्ता पक्ष में घबराहट है।

### यह लोकतंत्र और संघवाद के लिए खतरे की घंटी: ममता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि ये विधेयक न्यायपालिका की स्वतंत्रता खत्म कर देगा। उन्होंने कहा, मैं इसे एक सुपर आपातकाल से भी बड़े, देश के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए खत्म करने की दिशा में उठाए गए कदम के तौर पर इसकी निंदी करती हूं। यह दमनकारी कदम लोकतंत्र और संघवाद के लिए खतरे की घंटी है। 'विधेयक का उद्देश्य 'एक व्यक्ति-एक पार्टी-एक सरकार' को मजबूत करना है। यह विधेयक संविधान के मूल ढांचे को रौंदता है। लोकतंत्र को बचाने के लिए इस विधेयक का हर कीमत पर विरोध किया जाना चाहिए।

### शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन: ओवैसी

एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि



मैं इसका विरोध करता हूं। यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन करता है और सरकार चुनने के अधिकार को कमजोर करता है। यह कार्यकारी एजेंसियों को तुच्छ आरोपों और संदेह के आधार पर जज और जल्लाद बनने की खुली छूट देता है। यह सरकार पुलिस राज्य बनाने पर तुली हुई है। यह निर्वाचित सरकार के लिए मौत की कील होगी।

### यह मौलिक सिद्धांतों के खिलाफ: सतीशन

कांग्रेस नेता वी डी सतीशन ने कहा कि यह विधेयक देश के कानूनों के मौलिक सिद्धांतों के खिलाफ है। विपक्ष इसका कड़ा विरोध करेगा. मौजूदा



कानूनों के अनुसार, कोई व्यक्ति तभी किसी अपराध का दोषी तब माना जाता है, जब उसे अदालत द्वारा दोषी ठहराया जाता है। इस विधेयक को पारित करना न्याय के खिलाफ है। यह कानून के मौलिक सिद्धांतों के खिलाफ है। कोई भी सरकार किसी भी मंत्री के खिलाफ मामला शुरू कर सकती है। खासतौर पर ईडी बहुत विवादास्पद है, सीबीआई बहुत विवादास्पद है। वे विपक्ष के किसी भी मुख्यमंत्री या विपक्ष के किसी भी मंत्री के खिलाफ मामला शुरू कर सकते हैं। ईडी के मामलों में अदालत व्यक्ति को हिरासत में भेजेगी, फिर वह चाहे कोई भी हो।

### मंत्रियों को हटाने का नया ढांचा: तिवारी

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि मैं इन तीन विधेयकों का विरोध करता हूं, जो प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के



मंत्रियों को हटाने का कानूनी ढांचा प्रदान करते हैं। यह विधेयक संविधान के मूल ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करने वाला है। जब तक दोष साबित न हो जाए, तब तक आप निर्दोष हैं. यह विधेयक न्यायशास्त्र के सिद्धांत के खिलाफ है. यह विधेयक जांच अधिकारी को देश के प्रधानमंत्री का बॉस बनाने वाला है। मनीष तिवारी ने कहा, यह विधेयक अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करता है। इतना ही नहीं यह संसदीय लोकतंत्र, जो मूल ढांचे का हिस्सा है, उसको न्यायिक निर्णय से रहित मात्र हिरासत के माध्यम से जनता की इच्छा को विस्थापित करके विकृत करता है।

## रिजॉर्ट में रेव पार्टी का भंडाफोड़

# ऋषिकेश के रिजॉर्ट में 9 लड़कियां और 28 कारोबारी पकड़े गए

एजेंसी ▶▶ ऋषिकेश

नौकरी का टारगेट पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत तो सभी करते हैं। लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश की एक एग्रीकल्चर कंपनी के एरिया मैनेजर ने जो किया उसकी वजह से 37 लोग हवालात पहुंच गए। ऋषिकेश के गंगा भोगपुर तल्ला स्थित एक रिजॉर्ट में रेव पार्टी के भंडाफोड़ के बाद इन्हें पकड़ा गया है। पुलिस ने 9 महिला डांसरों समेत 37 लोगों को गिरफ्तार किया है। मैनेजर ने खाद बेचकर चार करोड़ का टारगेट पूरा करने के लिए दुकानदारों और डिस्ट्रीब्यूटर्स को लुभाने के लिए रेव पार्टी का आयोजन किया था।



लक्ष्मणझूला पुलिस ने बताया कि बीते सोमवार की देर रात गंगा भोगपुर स्थित इवाना रिजॉर्ट में रेव पार्टी के आयोजन की सूचना मिली। पुलिस टीम का गठन कर रिजॉर्ट में छापेमारी की गई। इस दौरान मौके पर पुलिस टीम को 9 महिलाएं डांस करतीं मिलीं जबकि 28 लोग ठुमके लगाते दिखे। पुलिसकर्मियों ने सभी को हिरासत में ले लिया। सभी का पुलिस एक्ट में चालान किया।

## ईडी की पीएमएलए के तहत कार्रवाई

# पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश अरेस्ट शेल कंपनियों में निवेश का खुलासा

एजेंसी ▶▶ रांची

केंद्रीय कारा पलामू में बंद माओवादी संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप उर्फ दिनेश उर्फ अमरजीत सिंह उर्फ कुलदीप उर्फ बड़कू उर्फ मारंग बाड़ उर्फ डीजी उर्फ साहेब उर्फ बाबा को अब ईडी ने अपने केस में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। दिनेश गोप को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है और उसे इस केस में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।टेरर फंडिंग मामले में एनआईए के हाथों 21 मई 2023 को नेपाल से गिरफ्तारी के बाद से ही दिनेश गोप न्यायिक हिरासत में है।



उसपर गिरफ्तारी के पूर्व झारखंड सरकार ने 25 लाख व एनआईए ने पांच लाख रुपये का इनाम रखा था। वर्तमान में वह केंद्रीय कारा पलामू में बंद है। ईडी ने एनआईए में दर्ज टेरर फंडिंग से संबंधित केस के आधार पर ही पीएमएल अधिनियम के तहत इंफोर्समेंट केस इंफार्मेशन रिपोर्ट किया था। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी के बाद कोर्ट ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

## रतन टाटा इनोवेशन हब का शुभारंभ

# 'रोबोडॉग' ने अनोखे अंदाज में किया स्वागत नायडू का स्वागत



टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन भी कार्यक्रम में रहे मौजूद

एजेंसी ▶▶ अमरावती

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अमरावती में रतन टाटा इनोवेशन हब्स का उद्घाटन किया। उनके स्वागत में लगाए गए एक रोबोडॉग का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। सीएम के आते ही रोबोडॉग अपने दो पैरों पर खड़ा हो गया और दो पैरों को जोड़कर सीएम को नमस्कार किया। इस रोबोडॉग को एक ऑपरेटर द्वारा कंट्रोलर डिवाइस से कंट्रोल किया जा रहा था।

## मुस्लिम लड़की की शादी का मुद्दा

# ऐसे आदेश को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं, याचिका खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अपील को खारिज दिया। जिसमें पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्च के उस फैसले को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि 16 वर्षीय मुस्लिम लड़की वैध कर सकती है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में आयोग का कोई अधिकार नहीं बनता।जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि हम यह समझ नहीं पा रहे हैं कि एनसीपीसीआर इस



तरह के आदेश से कैसे असंतुष्ट हो सकता है। यदि हाई कोर्ट अनुच्छेद 226 के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए दो व्यक्तियों को संरक्षण प्रदान करना चाहता है, तो एनसीपीसीआर के पास ऐसे आदेश को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। इस याचिका का खारिज किया जाता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा सवाल

# क्या राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच संविधान निर्माताओं के अनुसार सामंजस्य है

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को पूछा कि क्या देश संविधान निर्माताओं की इस उम्मीद पर खरा उतरा है कि राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच सामंजस्य होगा तथा दोनों शक्ति केंद्रों के बीच विभिन्न मुद्दों पर परामर्श भी परामर्श भी किया जाएगा। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राज्यपाल की नियुक्ति और शक्तियों पर संविधान सभा की बहस का उल्लेख किया।



### राज्यपाल के पास कुछ दायित्व

पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर भी शामिल हैं। मेहता ने पीठ को बताया कि विभिन्न वर्गों में की गई आलोचनाओं के विपरीत, राज्यपाल का पद राजनीतिक शरण चाहने वालों के लिए नहीं है, बल्कि संविधान के तहत उनके पास कुछ शक्तियां और दायित्व हैं।

**भूमिका और नियुक्ति पर बहस :** सॉलिसिटर जनरल ने राष्ट्रपति संदर्भ पर अपनी दलीलें जारी रखते हुए कहा कि संविधान की संघीय योजना को ध्यान में रखते हुए संविधान सभा में राज्यपालों की भूमिका और नियुक्ति पर विस्तृत बहस हुई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शीर्ष अदालत से यह जानने का प्रयास किया था कि क्या राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करते समय राष्ट्रपति द्वारा विवेकाधिकार का प्रयोग करने के लिए न्यायिक आदेशों द्वारा समय-सीमाएं निर्धारित की जा सकती हैं।

## वेणुगोपाल की टिप्पणी पर गृहमंत्री का जवाब

# अमित शाह, जेल जाने से पहले मैंने दे दिया था इस्तीफा

वेणु ने पूछा था जब वे गुजरात के गृहमंत्री तब उन्हें गिरफ्तार किया गया था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि



उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे थे, लेकिन उन्होंने जेल जाने से पहले अपने पद से इस्तीफा देकर संवैधानिक सिद्धांतों का पालन किया। उनकी यह टिप्पणी संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में उनकी गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में आई। यह आदान-प्रदान अमित शाह द्वारा निचले सदन में तीन विधेयक पेश किए जाने के तुरंत बाद हुआ, जिसमें संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025 भी शामिल था।

### झूठे आरोप लगाए गए थे

अमित शाह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब मेरी बात सुनिए, मैं सारा रिकॉर्ड साफ़ करना चाहता हूँ। मुझ पर झूठे आरोप लगाए गए थे। मैंने नैतिक ज़िम्मेदारी के चलते गिरफ़्तारी से पहले ही इस्तीफ़ा दे दिया था। और जब तक अदालत ने मुझे बरी नहीं कर दिया, तब तक मैंने कोई पद नहीं संभाला। जुलाई 2010 में, गुजरात के तत्कालीन गृह राज्य मंत्री अमित शाह को गैंगस्टर सोहराबुद्दीन शेख, उसकी पत्नी कौसर बी और सहयोगी तुलसीराम प्रजापति के कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में केंद्रीय जाँच ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने फ़ोन रिकॉर्ड और अन्य सबूतों का हवाला देते हुए उन पर एक साज़िश का आरोप लगाया था। गिरफ़्तारी से पहले शाह ने अपने मंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया था। उसी साल बाद में ज़मानत मिलने से पहले उन्हें साबरमती जेल में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। दिसंबर 2014 में, एक विशेष सीबीआई अदालत ने सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया।

## उपराष्ट्रपति चुनाव: शिवसेना नेता राउत का बड़ा दावा

# एनडीए को बहुमत पर भरोसा नहीं, विपक्ष से मांग रहे 'पक्ष'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने बुधवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को अपनी संख्याबल पर भरोसा नहीं है। इसलिए एनडीए के नेता विपक्षी दलों से समर्थन मांग रहे हैं। राउत ने सवाल उठाया कि जब बहुमत आपके पास है, तो विपक्ष से समर्थन की जरूरत क्यों पड़ रही है। दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने कहा कि विपक्षी गठबंधन का संख्याबल भी मामूली नहीं है। राउत ने दावा किया कि भाजपा नेताओं ने कई विपक्षी दलों से आधिकारिक तौर पर संपर्क किया और वोट की अपील की।

### एनडीए के नेता विपक्षी दलों से समर्थन मांग रहे

संजय ने दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए यह बात कही



### बहुमत है तो संपर्क क्यों कर रहे?

राउत ने सीधे सवाल उठाया कि अगर एनडीए को संसद में बहुमत का भरोसा है, तो विपक्षी नेताओं से संपर्क करने की मजबूरी क्यों पड़ी? उन्होंने कहा कि यह साफ संकेत है कि एनडीए की स्थिति उतनी मजबूत नहीं है जितनी दिखाने की कोशिश की जा रही है। राउत ने आरोप लगाया कि इस बार भी सत्ताधारी गठबंधन अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने से पहले विपक्ष से संवाद करने में नाकाम रहा।

## एसआईआर पर बोला चुनाव आयोग

### अब तक किसी ने नहीं दर्ज करवाई आपत्ति 1.98 लाख नए युवाओं ने भरा फॉर्म

चुनाव आयोग ने कहा कि कि मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित होने के 20 दिन बाद भी अब तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से दावा या आपत्ति नहीं की



गई है। चुनाव आयोग ने बुधवार सुबह मतदाता पुनरीक्षण कार्य का डेली बुलेटिन जारी किया। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया कि अब तक एक लाख 98 हजार 660 युवाओंने मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने और नए मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए फॉर्म भरा है। चुनाव आयोग ने फिर से अपील करते हुए कहा कि एक अगस्त को जारी की गई बिहार की प्रारूप मतदाता सूची में कोई भी त्रुटि दूर करने के लिए अपने दावे और आपति दर्ज करें।

## चिंतन

# ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करना ही चाहिए

ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करना जरूरी है। यह तेजी से बढ़ता बाजार है। भारत में करीब 45 करोड़ से अधिक लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। वर्ष 2024 में भारतीय गेमिंग बाजार का आकार 31,938 करोड़ रुपये था। इसमें रीयल मनी गेमिंग की हिस्सेदारी लगभग 85.7% है। रियल मनी गेम्स में प्लेयर्स असली पैसे लगाकर गेम खेलते हैं और जीतने पर उन्हें प्राइज मिलता है, हारने पर पैसा डूबता है। प्रति वर्ष ऑनलाइन गेम खेलने वाले करीब 20 हजार करोड़ रुपये गंवा देते हैं। अभी नियामक ढांचा नहीं होने से ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री बेलगाम है। सबसे ज्यादा जरूरी गेमिंग के उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण है। ऐसे में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को विनियमित (रेगुलेट) करना जरूरी है। इसी मंशा के साथ सरकार एक कानून लेकर आ रही है। इसके लिए उसने ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 लोकसभा में पेश किया है, जिसे सदन ने पारित कर दिया है। यूं तो अभी यह विधेयक राज्यसभा में जाएगा, फिर राष्ट्रपति की मुहर लगेगी, तब कानून बनेगा, लेकिन यह कदम ही महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गेमिंग इंडस्ट्री के असर को समझने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया था, टास्क फोर्स ने वर्ष 2022 में अपनी सिफरिशें सरकार को सौंपी थीं, जिसमें एक नया कानून बनाने का सुझाव दिया था। इसके बाद से कानून के प्रारूप पर कार्य जारी था, जो अब एक विधेयक के रूप में सामने आया है। इसमें ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने और शैक्षणिक व सामाजिक ऑनलाइन खेलों को बढ़ावा देने का प्रावधान है। दरअसल, 'ऑनलाइन मनी गेम' आज समाज में बड़ी चिंता का विषय बन गया है और कई ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें इसकी लत लग जाती है तथा जिदंगी भर की बचत (ऑनलाइन) गेम में उड़ा देते हैं। फ्रॉड और चीटिंग एल्गोरिद्म ऐसे होते हैं कि पता ही नहीं चलता कि कौन किसके साथ खेल रहा है। अस्पष्ट एल्गोरिद्म होते हैं। हार निश्चित होती है। वित्तीय नुकसान होते हैं। कई आत्महत्याएं भी हुई हैं। कर्नाटक की एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 31 महीनों में 32 आत्महत्याएं इस तरह के मामलों में हुई हैं। ऑनलाइन गेमिंग के जरिये मनी लांड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण का भी खतरा बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) ने अपनी एक रिपोर्ट में ऑनलाइन गेमिंग को एक 'डिसऑर्डर' घोषित किया है। 'ई-स्पोर्ट्स' और 'ऑनलाइन सोशल गेमिंग' को बढ़ावा देना चाहती है, इनके लिए एक प्राधिकरण बनाए जाएंगे। विधेयक में ऑनलाइन 'मनी गेमिंग' या उसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने और इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए कारावास या जुर्माना, या दोनों के प्रावधान हैं। यह विधेयक सभी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ संबंधी गतिविधियों को प्रतिबंधित करता है। विधेयक में किसी कम्प्यूटर, मोबाइल उपकरण या इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन 'मनी गेम' के प्रस्ताव, संचालन, सरलीकरण, विज्ञापन, प्रचार और भागीदारी को निषिद्ध किया गया है, विशेषकर जहां ऐसे क्रियाकलाप राज्य की सीमाओं के पार या विदेश से संचालित होते हैं। ऑनलाइन गेमिंग उद्योग प्रति वर्ष 25,000 करोड़ रुपये से अधिक टैक्स का योगदान देता है। करीब 25 हजार करोड़ का एफडीआई इस उद्योग में आता है। प्रतिबंध के बाद सरकार को 20 हजार करोड़ का सालाना टैक्स घाटा हो सकता है। देश में 1100 से ज्यादा गेमिंग कंपनियां हैं, जिसमें 400 से ज्यादा स्टार्टअप हैं। ऐसे में गेमिंग उद्योग का विनियमन होना ही चाहिए।



कूटनीति
विकेश कुमार बडोला

# चीन से रिश्ते सुधारें पर सचेत भी रहें

**भारत-अमेरिका के मध्य व्यापारिक अनुबंध पर अंतिम समझौता न होने तथा प्रतिकार में अमेरिका की ओर से व्यापार-शुल्क को पचास प्रतिशत तक करने की चेतावनी के परिदृश्य में चीन अत्यंत सक्रिय है। उसकी ओर से भारत पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि को अनेक पदाधिकारिक स्तर पर अनुचित ठहराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। चीन के साथ पारस्परिक संबंधों को सुलझाने के साथ भारत को उसके प्रति अपनी कूटनीतिक एवं रणनीतिक दृष्टि को भी जागरूक व सचेत रखने की अत्यंत आवश्यकता है।**

भारत-अमेरिका के मध्य व्यापारिक अनुबंध पर अंतिम समझौता न होने तथा प्रतिकार में अमेरिका की ओर से व्यापार-शुल्क को पचास प्रतिशत तक करने की चेतावनी के परिदृश्य में चीन अत्यंत सक्रिय है। उसकी ओर से भारत पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि को अनेक पदाधिकारिक स्तर पर अनुचित ठहराया गया है। उसके विदेश मंत्री, व्यापार मंत्री तथा भारत में स्थित राजदूत द्वारा भारत पर अमेरिकी शुल्क अत्याचार का प्रत्यक्ष विरोध किया गया। ऐसी परिस्थितियों में संभावना के अनुरूप भारत ने आधिकारिक घोषणा कर दी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में सम्मिलित होंगे।

इस घोषणा से पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अमेरिकी शुल्क के विरोध में रूस व चीन के साथ मिलकर शुल्क प्रतिरोधी तंत्र बनाने के उद्देश्य से इन दोनों देशों की आपात यात्रा कर चुके हैं। उधर रूस-यूक्रेन के मध्य तीन वर्षों से चले आ रहे युद्ध को समाप्त करने की योजना से पश्चिमी अमेरिकी क्षेत्र अलास्का में पुतिन के साथ ट्रंप की भेंट में भी रूसी राष्ट्रपति की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति को संकेतों में समझा दिया गया है कि भारत के विरुद्ध उनका व्यापारिक दृष्टिकोण आवश्यकता से अधिक कठोर है। इसी विषय क्रम में 19 अगस्त को नई दिल्ली में अजीत डोभाल ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ दोनों देशों की सीमाओं के प्रकरण पर गठित विशेष प्रतिनिधियों के समूह की 24वें चरण की बैठक में सीमा विवाद के साथ-साथ पारस्परिक व्यापार संबंधों को पुनः सामान्य स्तर तक क्रियान्वित करने के परिप्रेक्ष्य में विचार-विमर्श किया। बैठक में डोभाल ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा विवाद की समाप्ति के बाद दोनों देशों के मध्य सीमाओं पर शांति व स्थिरता बनी हुई है। उनके अनुसार विगत नौ माह में हमारे पारस्परिक संबंधों में भी सुधार हुआ है, द्विपक्षीय संबंध अधिक दृढ़ हुए हैं और अक्टूबर 2024 में कजान में मोदी व शी जिनपिंग की भेंट से परस्पर संबंध अप्रत्याशित ढंग से स्वस्थ हुए हैं, जिस कारण विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर सहयोग व सहायता की संधियों की दिशादृष्टि परिलक्षित हुई है।

इस आलोक में चीन ने भारत को दुर्लभ भूमि खनिजों, उर्वरकों एवं सुरंग निर्माणन मशीनों की आपूर्ति के संबंध में अपनी स्वीकृति प्रदान की है। वांग यी ने अपने समकक्ष एस. जयशंकर को इस संबंध में आधिकारिक रूप में आश्वस्त किया है। ऐसे खनिज उच्च-स्तरीय तकनीक से संबद्ध उत्पादों जैसे कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ड्रोन व बैटरी स्टोरेज हेतु अति महत्वपूर्ण हैं। चीन ऐसे खनिजों की 70 प्रतिशत वैश्विक आपूर्ति करता है। भारत के लिए यह खनिज सामरिक, डिजिटल एवं यांत्रिक नवोन्नति के लिए अत्यावश्यक हैं। भारत 2023 से चीन से उर्वरकों का अधि मात्रा में आयात कर रहा था, किंतु 2024 में चीन ने विश्व के अनेक देशों को इनकी आपूर्ति रोक दी। अपने भारत प्रवास की समयावधि में वांग यी ने प्रधानमंत्री से भी भेंटवार्ता की। प्रत्यक्ष रूप में तो यह भारत और चीन के संबंधों के लिए एक अनुकूल समय प्रतीत हो रहा है, परंतु आगे व्यावहारिकता के स्तर पर क्या-क्या घटित होगा यह तो



भविष्य में ही पता चलेगा। आधुनिक युग में विभिन्न देशों के मध्य कूटनीतिक संबंध स्थायी एवं दीर्घकालिक आधार पर संतुलित नहीं रह सकते। ऐसा मानने का सिद्ध कारण भारत और अमेरिका के मध्य गत फरवरी से असहज होते पारस्परिक संबंध हैं।

रिपब्लिकन राजनीतिक दल के जिस राष्ट्रपति ट्रंप को राजनीति की विचारधारा के स्तर पर भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के समान ही माना गया था तथा अपने प्रथम कार्यकाल में उन्होंने ऐसी समानता को भारत के साथ सुदृढ़ पारस्परिक संबंधों व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपन्न उत्तरदायित्व से पूर्ण अपने निर्णयों-कार्यों से सिद्ध भी किया था, अपने द्वितीय कार्यकाल में वे विश्व व विशेषकर भारत के लिए इतने जटिल सिद्ध हो जायेंगे, इसकी उसके समर्थकों ने कल्पना भी नहीं की थी। विगत एक दशक में दक्षिण एशिया क्षेत्र एवं दक्षिणी समुद्र में चीन के अवैध व अतिक्रामक प्रभाव को नियंत्रित करने के ध्येय के साथ अमेरिका ने द्विपक्षीय रूप में भारत के संग तथा बहुपक्षीय रूप में भारत, आस्ट्रेलिया एवं जापान की सहभागिता से साकार क्वॉड में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाह किया था। तब प्रतीत हुआ था कि दक्षिण एशिया में विद्यमान दुनिया के द्वितीय शक्तिशाली देश चीन के चहुंदिश अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु क्वॉड समूह भविष्य में उपयोगी सिद्ध होगा तथा इसमें भारत की कार्यकारी भूमिका अग्रणी होगी। सन् 2019 से लेकर 2022 तक कोरोना की उत्पत्ति के लिए अमेरिकी नेतृत्व में चीन पर ही प्रामाणिक दोषारोपण किया गया था। तत्समय कोरोना उत्सर्जन एवं प्रसारण के दोषी के रूप में चीन पूरे विश्व में अति संदिग्ध देश बन गया था।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड से होते हुए अरुणाचल प्रदेश तक परिव्याप्त हिमालयी भूक्षेत्र की अनेक सीमाओं पर भारत के साथ भूमि विवाद के कारण भी चीन अतिक्रमणकारी देश बना हुआ था। दक्षिण एशिया के अपेक्षाकृत न्यून क्षेत्रफल एवं जनसंख्या वाले देशों की सीमावर्ती भूमि पर व समुद्र में भी चीन की अनुचित गतिविधियां निरंतर होती रही थीं। चीन की ऐसी गतिविधियों के क्रम में भारत के साथ गलवान घाटी की सीमा पर हुई दोनों देशों के सेनाकर्मियों की झड़प के बाद तो गत चार वर्ष से चीन के साथ भारत के संबंध हर क्षेत्र में अत्यंत सीमित हो गये थे। गलवान संघर्ष के प्रतिरोध में भारतीय शासन और लोग दोनों सक्रिय हुए।

शासन ने चीन के साथ सामान्य व्यापार अवरुद्ध कर दिया तो लोगों ने चीन द्वारा निर्मित उत्पादों का बहिष्कार आरंभ कर दिया। विगत चार वर्षों से चीन के साथ भारत के संबंध कठोरता की सीमा तक विकृत हो गये थे। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान पर भारत के प्रहार की समयावधि में चीन ने तुर्की के साथ मिलकर पाकिस्तान की सामरिक सहायता की थी। इस कारण भी भारत व चीन के संबंधों में अलगाव बढ़ गया था। किंतु अब वातावरण परिवर्तित हुआ है। अमेरिका के साथ अस्वस्थ चल रहे भारत के संबंध और इस स्थिति में दृष्टिगोचर भारत की राजनयिक तटस्थता, अडिगता एवं निर्भयता को भांपकर चीन ने भारत के साथ ठहरे, निष्क्रिय व उलझे हुए अपने संबंधों को स्वस्थ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। अब आगे यही आशा की जाये कि विविध क्षेत्रों में भारत और चीन के पारस्परिक संबंध विश्वास एवं निष्ठा के आधार पर दीर्घकाल तक सशक्त बने रहें। दोनों देशों और देशों के लोगों के सुख, शांति व संतुष्टि के लिए न केवल भारत व चीन, अपितु दुनिया के सभी देशों के मध्य स्वस्थ एवं संतुलित संबंध ही स्थापित रहने चाहिए। चीन के साथ पारस्परिक संबंधों को सुलझाने के साथ-साथ भारत को उसके प्रति अपनी कूटनीतिक एवं रणनीतिक दृष्टि को भी जागरूक व सचेत रखने की अत्यंत आवश्यकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विमर्श

अखिलेश आर्येन्दु



# न्याय सबको, समय पर और बिना भेदभाव मिलना चुनौती

दुनिया में नर संहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध को रोकना मानवतावादियों के लिए चुनौती रही है। इन्हें रोकने की तमाम कवायदें चलती रहने के बावजूद इन्हें रोकना संभव नहीं हो पाया है। इन्हें रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना हुई। 17 जुलाई 1998 को 120 देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि नामक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए। तब से स्थापना को अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रूप में जाने जाना लगा, जो 1 जुलाई 2002 को लागू हुआ। पिछले 22 वर्षों में दुनिया में न्याय के क्षेत्र में तमाम बदलाव आए हैं। नरसंहार, मानवीय मूल्य के हनन, मानवता के खिलाफ दुनिया में चलाए जा रहे तमाम षड्यंत्रों को विफल करने में इस संस्था की भूमिका अत्यंत्र महत्वपूर्ण हो गयी है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना के पीछे नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ किये जा रहे अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णयों का समर्थन करना भी है। विश्व अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय प्रणाली की दिशा में एक वैश्विक प्रयास के रूप में देखा और समझा जाता है। 2010 में राज्य दलों की सभा ने संविधि की समीक्षा सम्मेलन में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निश्चय किया। तब से लगातार 17 जुलाई को हर साल इसे मनाया जा रहा है। दुनिया में न्याय के समर्थकों को एकजुट करना और पीड़ितों के अधिकारों को बढ़ावा देना इस दिवस के मनाने के पीछे की खास वजह रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रों, संगठनों और व्यक्तियों से एक से ज्यादा न्यायपूर्ण और समतापूर्ण विश्व के लिए मिलकर काम करने और दुनिया में शांति, सुरक्षा और सर्वहित के खतरा बनें अपराधियों के खिलाफ मानवतावादियों की एकजुटता का यह पहल कई नजरिए से खास कही जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून, न्यायपूर्ण और निष्पक्ष समाज की जरूरत आज विश्व समाज की सबसे बड़ी जरूरत है। एक सर्व सहमति से समझ बनाने की जरूरत है जो आतंक्र, नर संहार और गैर इंसानी गतिविधियों के शिकार हो हलाकानी झेलने के लिए अभिश्रप्त हैं। विश्व समाज आज जिस डर के माहौल में जीने के लिए मजबूर है, वह कई दुश्वारियां को झेलने के लिए भी मजबूर है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोशिशों की भूमिका खास मायने रखती है। विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें हर साल अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समतापूर्ण समाज बनाने की जरूरत को याद दिलाता है। समाज को समर्थ बनाने की दिशा में इस दिवस की महत्ता खास है, साथ ही समाज से असमानता, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ खड़ा होने के लिए तैयार होना भी है। आज जरूरी है कि विश्व समाज में सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय, राजनीतिक न्याय और कानूनी न्याय बगैर किसी भेदभाव, देरी और निष्पक्ष सभी को न्याय मिले। मौजूदा दौर में दुनिया के ज्यादातर देशों में सामाजिक, आर्थिक और कानूनी न्याय समय और बगैर किसी भेदभाव के मिलना दूभर हो गया है। जातिगत, वर्गगत और क्षेत्रगत जैसे भेदभाव को मिटाना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। दुनिया में जिन गैर इंसानी कवायदों से सामाजिक जिंदगी में तनाव और दुश्वारियां बढ़ी हैं उनमें अन्याय प्रमुख है। न्यायालयों से मिलने वाला न्याय ज्यादातर इतनी देर से मिलता है कि वह अन्याय से ज्यादा परेशान करने वाला होता है। इसलिए वक्त और अधिकार की सीमा में न्याय सबको मिले, यह सुनिश्चित किया जा सकता है। मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामले हों या भेदभावों की वजह से जुल्मोसितम सह रहा व्यक्ति हो, पुलिस के जुल्म का मामला हो या परिवार में हिंसा का मामला हो, न्याय सहज रूप से प्रताड़ित को बगैर किसी देरी के मिले, यह भी न्याय दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए। विकासशील देशों में ही अन्याय के मामले ज्यादा नहीं हैं बल्कि विकसित देशों में अन्याय से पीड़ित लाखों की तादाद में लोग हैं। भारत में करोड़ों की तादाद में न्यायालयों में मुकदमें लम्बित हैं। करोड़ों मुकदमों का फैसला तब आता है जब वादी या प्रतिवादी इस दुनिया से ही रुख्सत हो चुके होते हैं। न्याय दिवस अन्य दिवसों की तरह आए और चला जाए, ऐसा इस दिवस के साथ नहीं होना चाहिए, बल्कि बगैर किसी भेदभाव के न्याय दिलवाने और समय से दिलवाने के लिए विश्व स्तर पर सामूहिक प्रयास तो होने ही चाहिए। संविधि में शामिल सभी देशों को एक मत से इस बात पर गौर करना चाहिए की सभी देशों में न्याय बगैर किसी भेदभाव और समय के अंदर मिले। इससे इस दिवस की प्रासंगिकता और महत्व बढ़ भी जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग के सभी सूत्र सुदृढ़ मानव जीवन की आधारशिला



संकलित
**दर्शन**

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

## बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूं तो मेरा भी कल्याण हो जायगा। राजा ने एक पंडित जी से बात की। पंडित जी भागवत सुनाने के लिये तैयार हो गये। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरम्भ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहाः पण्डित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहा- महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहा- आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहां ले आयें, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरूजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिये मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पण्डित जी दोनों को बाँध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बांध दिया। अब गुरूजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहाः तुम पण्डित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया की हम बंधे है कैसे एक दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहा- महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहा- मैं समझा नहीं! गुरुजी बोले- जैसे खुद बंधा हुआ आदमी दूसरे को बन्धन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### छोटे डंक, घातक बीमारियां


मच्छर पूरी दुनिया में बीमारियों के सबसे बड़े वाहक होते हैं, जिनके काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, जीका वायरस इत्यादि जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू और मलेरिया इन सभी में सबसे ज्यादा खतरनाक हैं, जो कई मामलों में जानलेवा साबित होते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में मच्छरों के काटने के कारण अफ्रीका में सर्वाधिक मौतें हुई थी। दुनिया के कई हिस्सों में मच्छरों के काटने से होने वाली मौतें आज भी गंभीर चिंता का कारण हैं। इसीलिए मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और बचाव के उपायों के बारे में बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को एक खास विषय के साथ विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है।

*– राकेश दुबे, बलौदा बाजार*

## करंट अफेयर

# आस्ट्रेलिया में बच्चों के लिए सोशल मीडिया होगा बैन


आगामी चार महीनों में ऑस्ट्रेलिया में लागू होने जा रहे एक कानून के तहत 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के फेसबुक, स्नैपचैट, टिकटॉक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर), रेडिट और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंच का उपयोग करने पर प्रतिबंध लग जाएगा। संघीय सरकार ने कहा है कि सोशल मीडिया कंपनियों को 10 दिसंबर तक इन नाबालिग उपयोगकर्ताओं के सोशल मीडिया खातों को हटाने और आयु सत्यापन सॉफ्टवेयर के माध्यम से इन्हें नए खाते बनाने से रोकने के लिए "उचित कदम" उठाने होंगे। इस कानून के तहत माता-पिता की अनुमति से भी बच्चों को इन सोशल मीडिया मंचों तक पहुंच नहीं दी जा सकेगी। विवाद जारी, लेकिन प्रतिबंध तय इस फैसले को लेकर संभावित लाभ और नुकसान को लेकर देशभर में तीखी बहस हो रही है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से युवा स्वयं को व्यक्त करते हैं, अपनी पहचान बनाते हैं और सामाजिक जुड़ाव महसूस करते हैं। एक ऐसे समाज में, जहां हर पांच में से दो बच्चे खुद को अकेला महसूस करते हैं, यह जुड़ाव काफी महत्वपूर्ण हो सकता है। वहीं दूसरी ओर, सोशल मीडिया की लत और इसका आनंद उठा पाने से वंचित रह जाने का अंदेशा बच्चों को इन सोशल मीडिया मंचों पर अत्यधिक समय बिताने के लिए प्रेरित करता है।



## ऑफ बीट

# सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं

वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से – जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं – भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।



## ट्रेंड

### राधाकृष्णन का स्वागत



उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करते समय थिरु सी.पी. राधाकृष्णन के साथ मंत्रियों, पार्टी सहयोगियों और एनडीए नेताओं ने भी उनका स्वागत किया। एनडीए परिवार को विश्वास है कि वे एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कांग्रेस को मिर्ची लगी



जेल से सरकार चलाने वाले नेताओं के खिलाफ केंद्र सरकार ने शिकंजा कसने के लिए सदन में विधेयक रखा। इसके अंतर्गत 30 दिन से ज्यादा जेल में रहते हैं तो उनका पद चला जाएगा। यह विधेयक सदन में आते ही जाने क्यों कांग्रेस को मिर्ची लग गई।

**- डॉ. मेधा कुलकर्णी, सांसद राज्यसभा**

### राष्ट्र सेविका समिति



आज मेरे आवास पर 'राष्ट्र सेविका समिति' महिला शाखा का आयोजन हुआ। हम सब मिलकर सनातन मूल्यों, हिन्दू संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को और प्रखर बनाएंगे। महिलाओं की जागरूकता और सहभागिता ही राष्ट्र को सशक्त बनाती है।

**- कंगना रनौत, सांसद, भाजपा**

### शपथपत्रों का जवाब



उप्र में 2022 के विधानसभा चुनावों में नाम काटने को लेकर हमने जो 18000 शपथपत्र दिये थे, भाजपा सरकार उनमें से एक का भी जवाब सही तरीक़े से देना नहीं चाहती है। ज़िलाधिकारी को आगे करके चुनाव आयोग बच नहीं सकता।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# सिंकफील्ड कप में गुकेश की जीत, अब्दुसत्तोरोव को हराकर की शानदार वापसी

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी.गुकेश ने शुरुआती दौर की असफलता को पीछे छोड़ते हुए सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर शानदार जीत दर्ज की।

पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी गुकेश को हराने वाले आर. प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारुआना के साथ अंक बांटे। एक अन्य मैच में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ़ को हराया।

### प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारुआना के साथ बांटे अंक



### अरोनियन ने सेवियन के साथ खेला ड्रॉ

अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने हमवतन सैमुअल सेवियन के साथ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बनाए रखी। एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने 10 खिलाड़ियों के 3,75,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला। अब जबकि सात दौर का खेल होना बाकी है तब प्रज्ञानंद, अरोनियन और फिरोजा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश, कारुआना, वेस्ली सो, सेवियन और वाचियर-लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। डूडा आधे अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव लगातार दूसरी बाजी हारने के बाद अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं।

### क्लच शतरंज : 2021 के बाद आनंद और कास्पोरोव एक बार फिर होंगे आमने-समाने

**नई दिल्ली।** विश्वनाथन आनंद अमेरिका के सेंट लुईस में अक्टूबर में होने वाले क्लच शतरंज नुमाइशी मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस के गैरी कास्पोरोव से खेलेंगे जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश की टक्कर मैग्नस कार्लसन से होगी। कास्पोरोव और आनंद की टक्कर आखिरी बार 2021 में क्रोएशिया रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में जगरेब में हुई थी, जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने जीत दर्ज की। दोनों के बीच 82 मुकाबले हो चुके हैं, जिनमें से 30 ड्रॉ रहे और जीत के मामले में कास्पोरोव का दबदबा रहा।




#### मैच सेंट लुईस में 7 से 11 अक्टूबर तक

सेंट लुईस शतरंज क्लब ने एक विज्ञप्ति में कहा,' दो पूर्व विश्व चैंपियन गैरी कास्पोरोव और विश्वनाथन आनंद विशेष क्लच शतरंज (लीजैंड्स) नुमाइशी मैच (7 से 11 अक्टूबर) में आमने सामने होंगे।' इसमें कहा गया,' यह नुमाइशी मैच क्लब की नई सुविधा में आयोजित होने वाला पहला मैच होगा।' इसमें 144000 डॉलर ईनामी राशि होगी, जो दोनों दिग्गजों के बीच 12 मुकाबलों के शतरंज 960 मैचों (फिशर रैंडम) में दी जाएगी। मुकाबले रैपिड और ब्लिट्ज टाइम कंट्रोल में खेले जाएंगे। इसके बाद 412000 डॉलर ईनामी राशि का क्लच शतरंज चैंपियंस शोडाउन 27 से 29 अक्टूबर तक होगा, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन, दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी हिकारू नकामूरा, तीसरे नंबर के फेबियानो कारुआना और गुकेश भाग लेंगे।

## खबर संक्षेप



### स्पेनिश फुटबॉल लीग : रियाल मैड्रिड ने ओसासुना को हराया

**मैड्रिड।** काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेजबान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे। रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था।

### मेघालय के खिलाड़ियों ने जीते 41 पदक



**शिलांग।** मेघालय के खिलाड़ियों ने अपनी ख्याति के अनुरुप शानदार प्रदर्शन करते हुए हाल में नई दिल्ली में आयोजित की गई 19वीं अखिल भारतीय स्वतंत्रता कप कराटे चैंपियनशिप से 41 पदक जीते। मेघालय ने कुमिते (मुक्केबाजी) और काटा (नृत्यबद्ध गतिविधि) दोनों में 10 स्वर्ण, 16 रजत और 15 कांस्य पदक हासिल किए। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कुल मिलाकर 35 खिलाड़ी पदक हासिल करने में सफल रहे। इनमें से छह खिलाड़ियों ने दो-दो तथा 29 खिलाड़ियों ने एक-एक पदक जीता।

### इंग्लिश फुटबॉल में सालाह और कैल्डेंटी चुने गए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**लंदन।** लिवरपूल के फॉरवर्ड मोहम्मद सालाह और आर्सेनल की मिडफील्डर मैरियोना कैल्डेंटी को प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन पुरस्कारों में पिछले सत्र के लिए इंग्लिश फुटबॉल में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी चुना गया। इस पुरस्कार के लिए इंग्लैंड में खेलने वाले साथी पेशेवर खिलाड़ी मतदान करते हैं। सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। मिस्र के इस 33 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने प्रीमियर लीग में 29 गोल किए, जिसकी बदौलत लिवरपूल ने रिकॉर्ड 20वीं बार चैंपियनशिप जीती। सालाह ने इस वर्ष के शुरू में तीसरी बार फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन का फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार भी जीता था। महिला वर्ग में 29 वर्षीय कैल्डेन्टी ने आर्सेनल के साथ अपने पहले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया।

185 रन के लक्ष्य के जवाब में महाराष्ट्र टीम दूसरी पारी में 149 रन पर आउट

# बुची बाबू टूर्नामेंट: छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 35 रन से हराया, शॉ-ऋतुराज फेल

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

बुची बाबू टूर्नामेंट 2025 के पहले राउंड में बुधवार (20 अगस्त) को छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 35 रन से हरा दिया। 185 रन के लक्ष्य के जवाब में कप्तान अंकित बवाने के अर्धशतक के बाद भी महाराष्ट्र की टीम दूसरी पारी में 149 रन पर आउट हो गई। ऋतुराज गायकवाड़ दूसरी पारी में भी फेल रहे। पहली पारी में शतक लगाने वाले पृथ्वी शॉ 1 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। महाराष्ट्र की दूसरी पारी में पृथ्वी शॉ 1, सिद्धेश वीर 31, अंकित बवाने ने 66 और राजवर्धन हंगरगेकर ने 8 रन बनाए। सिद्धार्थ म्हात्रे ने 9, ऋतुराज गायकवाड़ ने 11 रन बनाए। सौरभ नवले खाता नहीं खोल पाए। सचिन धास ने 14 रन बनाए। रामकृष्ण घोष खाता नहीं खोल पाए और विक्की ओस्टवाल ने 1 रन बनाए। हितेष वलुंज बगैर खाता खोले नाबाद रहे।

### छत्तीसगढ़ ने पहले पारी में 252 और दूसरी पारी में 149 रन बनाए




### शुभमन अग्रवाल ने लिए 6 विकेट

छत्तीसगढ़ के लिए शुभमन अग्रवाल ने 6 विकेट लिए। शुभमन अग्रवाल ने अंकित बवाने, राजवर्धन हंगरगेकर, सिद्धार्थ म्हात्रे, सौरभ नवले और सचिन धास का विकेट लिया। इसके अलावा वरुण सिंह भुई ने 2 विकेट लिए। उन्होंने ऋतुराज गायकवाड़ और विक्की ओस्टवाल को आउट किया।



### शशांक तिवारी ने पृथ्वी को किया आउट

शशांक तिवारी और ऋषि शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने पहले पारी में 252 और दूसरी पारी में 149 रन बनाए थे। महाराष्ट्र ने पहली पारी में 217 और दूसरी पारी में 149 रन बनाए। पृथ्वी शॉ का विकेट शशांक और सिद्धेश वीर का विकेट ऋषि शर्मा को मिला।

### शॉ ने पहली पारी में लगाया था शतक



मुंबई से महाराष्ट्र स्विच करने के बाद पृथ्वी शॉ का यह पहला मैच था। शॉ ने पहली पारी में 141 गेंद पर 111 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ दोनों पारी में फेल रहे। पहली पारी में उन्होंने 1 रन बनाए। दूसरी पारी में वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए, लेकिन छाप नहीं छोड़ पाए। गायकवाड़ ने 11 रन बनाए।

जेवलिन थ्रो

# डायमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की ब्रसेल्स में हिस्सा नहीं लेंगे चोपड़ा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डायमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुक्रवार को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डायमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है।

### पार किया 90 मीटर का जादुई आंकड़ा

नीरज ने सिर्फ दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डायमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। इस भारतीय खिलाड़ी ने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारत के 27 वर्षीय गत विश्व चैंपियन नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने इसके बाद जून में 88.16 मीटर के प्रयास से पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता। ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल्स में जगह बनाएंगे।

### टोकिया में 13 से 21 सितंबर तक विश्व चैंपियनशिप

नीरज ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक के रूप में खेला था, जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रयास के साथ अपनी मेजबानी में हुआ टूर्नामेंट जीता था। कुल मिलाकर नीरज ने मौजूदा सत्र में अब तक छह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिसमें से चार में उन्होंने खिताब जीता जबकि दो में दूसरे स्थान पर रहे।

# तमिल अरासु ने पुरुषों की और धनलक्ष्मी ने महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु के धावकों ने बुधवार को राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जिसमें एस तमिल अरासु ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि धनलक्ष्मी सेकर ने महिलाओं की इसी स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। अरासु ने 10.22 सेकेंड का समय निकाला जो 2021 में पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह द्वारा बनाए गए 10.27 सेकेंड के पिछले मीट रिकॉर्ड से बेहतर था। तमिल अरासु का समय अनिमेष कुजूर द्वारा इस साल के शुरु में बनाए गए 10.18 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल 0.04 सेकेंड पीछे था। कुजूर ने इस चैंपियनशिप में 100 मीटर में अपना नाम दर्ज नहीं कराया लेकिन 200 मीटर स्पर्धा में भाग लेंगे। तमिल अरासु का सीनियर वर्ग में यह पहला राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब है।

■ तमिल अरासु का सीनियर वर्ग में यह पहला राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब है

कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मणिकांत होबलीधर 10.35 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि तमिलनाडु के ही जी रागुल कुमार 10.40 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ का खिताब अनुभवी धनलक्ष्मी ने 11.36 सेकेंड का समय निकालकर जीता। 27 वर्षीय धनलक्ष्मी तीन साल के डोपिंग प्रतिबंध के बाद पिछले महीने ही मैदान पर लौटी हैं। तमिलनाडु की अभिनय राजराजन 11.58 सेकेंड के समय से दूसरे स्थान जबकि कर्नाटक की एस एस स्नेहा 11.61 सेकेंड से तीसरे स्थान पर रहीं। हिमाचल प्रदेश की लंबी दूरी की धाविका सीमा ने भी महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। उनका 15:42.64 सेकेंड का समय 2017 में एल सूर्या द्वारा बनाए गए 15:46.92 सेकेंड के पिछले मीट रिकॉर्ड से बेहतर था। तमिलनाडु के रीगन जी ने पुरुषों की पोल वॉल्ट में 5.20 मीटर से स्वर्ण पदक जीतने के साथ मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। 5.11 मीटर का पिछला मीट रिकॉर्ड 2023 में एस शिवा ने बनाया था।

जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी

# हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पंजाब सेमीफाइनल में

**जालंधर (भाषा)।** हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पंजाब ने बुधवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर 15वीं हॉकी इंडिया पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में हॉकी इंडिया ने कड़े मुकाबले में हॉकी कर्नाटक को 3-2 से शिकस्त दी जबकि दूसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश ने हॉकी मध्य प्रदेश के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-1 से जीत दर्ज की। हॉकी ओडिशा ने बेहद एकतरफा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मणिपुर हॉकी को 9-0 से रौंद दिया जबकि दिन के अंतिम मुकाबले में हॉकी पंजाब ने हॉकी झारखंड के खिलाफ 4-1 की आसान जीत दर्ज की।

सऊदी क्रिकेट महासंघ और अमेरिकी लीग में करार

# 128 वर्ष बाद ओलंपिक में वापसी करेगा क्रिकेट

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

सऊदी अरब क्रिकेट महासंघ (एसएसीएफ) और डलास स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर क्रिकेट को मजबूत करने और खिलाड़ियों के लिए सुगम राह तैयार करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों से क्रिकेट 128 वर्ष बाद इस खेल महाकुंभ में वापसी करेगा।

### अगली पीढ़ी के पेशेवर खिलाड़ियों को तैयार करना

यह साझेदारी स्कूल और सामुदायिक कार्यक्रमों, कोचिंग और अंपायरिंग प्रमाणन, तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और उत्तरी अमेरिका में एनसीएल कार्यक्रमों के माध्यम से सऊदी अरब के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर केंद्रित होगा। इनमें कॉलेजिएट क्रिकेट लीग और पाथ टू क्रिकेट प्रो टैलेंट हंट शामिल हैं, जिनका उद्देश्य अगली पीढ़ी के पेशेवर खिलाड़ियों को तैयार करना है।




### दो देशों को जोड़ने वाला सेतु

एनसीएल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा, 'यह क्रिकेट के प्रति साझा जुनून और इसके भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण वाले दो देशों को जोड़ने वाला सेतु है। हम युवा खिलाड़ियों के लिए स्थानीय स्तर से लेकर विश्व मंच तक पहुंचने के वास्तविक अवसर पैदा कर रहे हैं।' सऊदी अरब में हाल के वर्षों में क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी काफी बढ़ी है। एसएसीएफ ने कहा कि एनसीएल के साथ साझेदारी से विकास कार्यक्रमों में तेजी आएगी, जिससे उभरती प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# अनंत जीत नरुका ने स्वर्ण पदक जीता, सौरभ-सुरूचि को कांस्य

**शिमकेंट (कजाखस्तान) (भाषा)।** भारतीय निशानेबाज अनंत जीत सिंह नरुका ने बुधवार को यहां पुरुष स्कीट फाइनल में कुवैत के मंसूर अल रशीदी को हराकर एशियाई चैंपियनशिप में अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले दिन में सौरभ चौधरी और सुरूचि इंदर सिंह की भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपै को हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता। नरुका फाइनल में एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन अल रशीदी को 57-56 से हराकर पोडियम पर शीर्ष पर रहे। कतर के अल-इशाक अली अहमद ने 43 अंक से कांस्य पदक जीता। सत्ताईस साल के नरुका चैंपियनशिप के 2023 चरण में टीम स्वर्ण और मिश्रित टीम स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उन्होंने पांच दौर के बाद 119 अंक से दूसरे स्थान से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जबकि कुवैत के अब्दुलअजीज अलसाद 120 अंक से फाइनल में सबसे आगे रहे। अल रशीदी 119 अंक से क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहे।



एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता नरुका का इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में कुल मिलाकर पांचवां पदक था। इससे पहले सौरभ और सुरूचि ने लियू हेंग यू और सियेह सियांग चेन को 17 .9 से हराया । इससे पहले मनु भाकर ने मंगलवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने क्वालीफाइंग दौर में पांचवां स्थान हासिल किया जब सुरूचि ने 292 और सौरभ ने 286 स्कोर किया। दोनों का कुल स्कोर 578 रहा और आठ टीमों के पदक दौड़ में प्रवेश के समय वे पांचवें स्थान पर थे। स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा शीर्ष दो टीम चीन और दक्षिण कोरिया के बीच थी।

बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से 7 सितंबर तक टूर्नामेंट

# एशिया कप हॉकी : भारतीय टीम का ऐलान, हरमनप्रीत होंगे कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया गया, जिसमें फॉरवर्ड शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने अपनी जगह बरकरार रखी है। टूर्नामेंट 29 अगस्त से 7 सितंबर तक खेला जाएगा, जिसके विजेता को अगले साल एफआईएच पुरुष विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा, जो 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होना है। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान हैं। राजिंदर सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत आस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा थे। राजिंदर को शमशेर सिंह की जगह चुना गया जबकि लाकड़ा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने वाले ललित उपाध्याय की जगह ली है। दिलप्रीत को गुरजंत सिंह पर तरजीह मिली है। स्ट्राइकर ललित उपाध्याय ने जून में एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया था।

### फॉरवर्ड लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह की जगह बरकरार



### 29 अगस्त को भारत और चीन में पहला मैच

भारत को एशिया कप में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ पूल ए मिला है । भारतीय टीम 29 अगस्त को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाखस्तान से खेलना है। गोलकीपिंग का दारोमदार कृशन बी. पाठक और सूरज करकेरा पर होगा। डिफेंस में हरमनप्रीत और अमित रोहिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह हैं। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत जिम्मा संभालेंगे। नीलम संजीप सेस और सेल्वम कार्ति को रिजर्व में रखा गया है। टीम चयन के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा,' हमने अनुभवी टीम चुनी है । विश्व कप क्वालीफिकेशन को देखते हुए एशिया कप हमारे लिए महत्वपूर्ण है लिहाजा हमें दबाव में अच्छा खेलने वाले खिलाड़ी चाहिए।'

### भारतीय टीम

**गोलकीपर** : सूरज करकेरा, कृशन बी. पाठक
**डिफेंडर** : हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह
**मिडफील्ड** : मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह
**फॉरवर्ड** : मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह
**रिजर्व खिलाड़ी** : नीलम संजीप सेस और सेल्वम कार्ति।




## ट्रंप टैरिफ विवाद के बीच रूस ने किया बड़ा ऐलान

# कच्चा तेल खरीदने पर भारत को जारी रहेगी 5% की छूट

### ये भी कहा अमेरिका नहीं तो हम खरीदेंगे भारत से सामान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक तरफ जहां रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार भारत को धमकियां दे रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर रूस ने कहा है कि वो भारत को 5 प्रतिशत डिस्काउंट पर कच्चे तेल बेचता रहेगा। भारत में रूस के उप-व्यापार प्रतिनिधि, एवगेनी ग्रिवा ने कहा कि भारत को रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 5 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। एवगेनी ग्रिवा ने कहा कि अमेरिकी धमकियों और मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत लगातार रूस से कच्चे तेल को खरीदता रहेगा।



वहीं, दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने कहा कि दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने कहा कि रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारत पर अमेरिका का दबाव अनुचित और एकतरफा है। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय सामानों को अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने में मुश्किलें आ रही हैं, तो रूसी बाजार भारतीय निर्यात का स्वागत कर रहा है। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन भारत को मित्र देश कहता है, पर दोस्त ऐसा व्यवहार नहीं करते।

रूस के विरुद्ध पश्चिमी देशों के दंडात्मक उपायों पर बाबुश्किन ने कहा कि प्रतिबंध उन लोगों पर ही प्रहार कर रहे हैं जो इन्हें लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल के बीच स्थिरता लाने वाली ताकत के रूप में ब्रिक्स की भूमिका बढ़ेगी।

*पश्चिमी देशों के बारे में कहा, वे औपनिवेशिक शक्तियों की तरह व्यवहार करते, अपने लाभ के बारे में सोचते*

**यूएस के बारे में कहा, वॉशिंगटन भारत को मित्र देश कहता है, पर दोस्त ऐसा व्यवहार नहीं करते**


फाइल फोटो

### *भारत के साथ सच्ची रणनीतिक साझेदारी*

*बाबुश्किन ने कहा कि अगर पश्चिम आपकी आलोचना करता है, तो इसका मतलब है कि आप सब कुछ सही कर रहे हैं। हमें उम्मीद नहीं है कि ऐसा होगा (भारत तेल खरीदना बंद कर देगा)। हम भारत के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में जानते हैं। यही सच्ची रणनीतिक साझेदारी है जिसका हम आनंद ले रहे हैं। चाहे कुछ भी हो जाए, चुनौतियों के दौरान भी, हम किसी भी समस्या को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।*

### भारत तेल का सबसे बड़ा उपभोक्ता

रोमन बाबुश्किन ने कहा कि रूस तेल का सबसे बड़ा उत्पादक है और भारत सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसी भी प्रकार की एकतरफा कार्रवाई से आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, मूल्य निर्धारण नीतियों में असंतुलन और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा होती है। इससे विकासशील देशों की ऊर्जा सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश नए औपनिवेशिक शक्तियों की तरह व्यवहार करते हैं।

### रूसी राजनयिक बोले 'श्रीगणेश करते हैं'

बबुश्किन ने प्रेस वार्ता शुरू होने से पहले हिंदी में बोलकर भारत-रूस के मजबूत और गहरे संबंधों को दर्शाया। उन्होंने कहा 'शुरुआत करेंगे, श्रीगणेश करेंगे'। उनकी ये हिंदी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई और गहरा संदेश दे गई। बबुश्किन से जब पूछा गया कि भारत इजराइल की आयरन डोम प्रणाली के तर्ज पर एयर डिफेंस सिस्टम बनाने जा रहा है, तो उन्होंने पूछा– 'आपका मतलब सुदर्शन चक्र से है?'। बता दें, सुदर्शन चक्र रक्षा प्रणाली रूसी एस-400 प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जो 400 किमी तक की दूरी से दुश्मन के एयरक्राफ्ट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन व मिसाइलों को मार गिरा सकता है।

### रूस पर दबाव बनाने को भारत पर थोपा 50% टैरिफ

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए सर्वाधिक टैरिफ के बीच एक बार फिर से अमेरिका ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मंगलवार को हुए संवाददाता सम्मेलन में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि रूस पर यूक्रेन संघर्ष को खत्म कराने के लिए दबाव बनाने के लिए अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। शुरुआत में अमेरिका ने 25 फीसदी टैरिफ ही लगाया था। लेकिन बाद में इसे 50 फीसदी कर दिया।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को दो टूक...

### किसी दूसरे देश के खिलाफ राजनीतिक गतिविधियों की इजाजत नहीं देता भारत : जायसवाल

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भारत ने मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को बुधवार को साफ शब्दों में ये स्पष्ट कर दिया है कि उसकी धरती से किसी दूसरे देश के खिलाफ राजनीतिक गतिविधियों की भारत की सरकार द्वारा अनुमति नहीं दी जाती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत सरकार को देश में अवामी लीग के सदस्यों द्वारा आयोजित की गई किसी भी बांग्लादेश विरोधी गतिविधि के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में बांग्लादेश की सरकार द्वारा इस संबंध में मीडिया को जारी किए गया बयान अनुपयुक्त है। उन्होंने ये भी कहा कि भारत जल्द से जल्द बांग्लादेश में एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव कराने की अपनी अपेक्षाओं को दोहराता है। जो कि पड़ोसी देश की आम जनता की इच्छा और अधिकार से जुड़ा हुआ है। बताते चलें कि बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान में यह दावा किया था कि प्रतिबंधित अवामी लीग ने भारत की राजधानी नई दिल्ली और कोलकाता में अपने दफ्तर खोल रखे हैं।




## दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश भारत

**नई दिल्ली।** भारत ग्रीन फ्यूचर की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारत स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। देश पवन ऊर्जा में विश्व का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। सरकार ने अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के हवाले से बताया कि देश स्थापित अक्षय ऊर्जा के मामले में विश्व में चौथे, पवन ऊर्जा में चौथे और सौर ऊर्जा में तीसरे स्थान पर है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 1,08,494 गीगावाट घंटा सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जो जापान के 96,459 गीगावाट घंटा से अधिक है। इस दौरान सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग क्षमता 38 गीगावाट से बढ़कर 74 गीगावाट हो गई। भारत की स्थापित विद्युत क्षमता 484.82 गीगावाट में नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान 50.07%पर पहुंच गया। यह लक्ष्य सीओपी26 की प्रतिबद्धता है, जिसे भारत ने निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही प्राप्त कर लिया है।

## वायुसेना के लिए 97 और तेजस की खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ बने हुए सीमाई तनाव के बीच भारत सरकार ने वायुसेना के लिए स्वदेशी 97 और स्वदेशी तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों और 6 एडवांस एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट (अवाक्स) की खरीद को मंजूरी दे दी है। जिसपर करीब 85 हजार 500 करोड़ रुपये की लागत आएगी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति यानी सीसीएस की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया है। जिसके बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा विमानों का उत्पादन शुरू किया जाएगा। इस पर अनुमानित लागत 66 हजार 500 करोड़ रुपए है। इसके पूर्व में कुछ साल पहले 83 तेजस विमानों की खरीद के लिए 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक का एक समझौता किया गया था।




भारत-रूस संबंधों की मजबूती, अमेरिका को देगी तनाव

## मॉस्को में जयशंकर ने की प्रमुख रूसी थिंक टैंक से मुलाकात




एजेंसी ▶▶ मॉस्को

अमेरिका से छिड़े टैरिफ वार के बीच भारत और रूस अपने संबंधों को नई स्फूर्ति देने में लगे हैं। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार से रूस की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। जयशंकर ऐसे वक्त में मॉस्को गए हैं, जब अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। ऐसे में भारत और रूस मिलकर अमेरिकी टैरिफ का समाधान खोजने के लिए नई रणनीति पर काम कर रहे हैं। यह अमेरिका के लिए चिंता का सबब हो सकता है। अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मॉस्को में रूस के प्रमुख विद्वानों और थिंक टैंक प्रतिनिधियों से बातचीत की। इस दौरान भारत-रूस संबंधों, समकालीन वैश्विक भू-राजनीति और भारत के दृष्टिकोण पर चर्चा हुई।

### मोदी ने पुतिन को दिया भारत आने का निमंत्रण

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को इस वर्ष के अंत में भारत में होने वाले 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया है। उन्होंने कहा था कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन से बहुत ही अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। हमने द्विपक्षीय एजेंडे की प्रगति की समीक्षा की और भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस वर्ष के अंत में भारत में राष्ट्रपति पुतिन की मेजबानी की प्रतीक्षा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25